कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर (उ. प्र.)

नैक द्वारा 'बी'-ग्रेड प्रमाणित

चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध

ज्ञानाञ्जलि

2016 -17

महाविद्यालय परिवार

प्रथम पंक्ति में बांए से दांए -

डॉ० बलराम सिंह, मो० वकार रज़ा, डॉ० रतन सिंह, डॉ० शिवानी वर्मा, डॉ० रश्मि कुमारी, डॉ० ममता उपाध्याय, डॉ० आभा सिंह, डॉ० अनीता रानी राठौर, डॉ० आर०पी० सिंह, (निदेशक, उच्च शिक्षा), डॉ० करुणा सिंह (प्राचार्या), डॉ० एस०एस० यादव, डॉ० आशा रानी, डॉ० निधि रायज़ादा, डॉ० दीप्ति वाजपेयी, डॉ० जीत सिंह, डॉ० दिनेश चन्द्र शर्मा, डॉ० किशोर कुमार, डॉ० अर्चना सिंह

द्वितीय पंक्ति में बांए से दांए -

श्री मणिक रस्तोगी, डॉ० अरविन्द कुमार, डॉ० ऋचा, डॉ० प्रतिभा तोमर, श्रीमती नेहा त्रिपाठी, श्रीमती कनक लता, श्रीमती भावना यादव, डॉ० वन्दना शर्मा, श्रीमती पवन, डॉ० सोनम शर्मा, श्रीमती दीक्षा, डॉ० पंकज चौधरी, डॉ० सीमा देवी, श्रीमती शिल्पी, डॉ० मीनाक्षी लोहनी, डॉ० विनीता सिंह, डॉ० सुशीला, डॉ० मिन्तु, डॉ० नीलम शर्मा, डॉ० हरिन्द्र कुमार, डॉ० अरविन्द यादव, डॉ० धीरज कुमार, श्री कनक कुमार, श्री अरविन्द सिंह

शिक्षणेत्तर कर्मचारी वर्ग

पंक्ति में बांए से दांए -

श्री महेश सिंह भाटी, डॉ० करुणा सिंह (प्राचार्या), श्री मुकेश शर्मा, श्री चन्द्र प्रकाश

ज्ञानाञ्जलि

कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बादलपुर- गौतमबुद्ध नगर (उ०प्र०)

नैक द्वारा 'बी'–ग्रेड प्रमाणित

अंक - दशम् **वर्ष** - 2017

प्रधान सम्पादक
डॉ० दीप्ति वाजपेयी

संरक्षक
डॉ० करुणा सिंह
प्राचार्या

:- सम्पादक मण्डल :-

डॉ० अर्चना सिंह
डॉ० निधि रायज़ादा
श्रीमती नेहा त्रिपाठी
डॉ० अरविन्द यादव
डॉ० मीनाक्षी लोहनी
श्रीमती दीक्षा
डॉ० मिन्तु बंसल
डॉ० नीलम शर्मा
डॉ० रतन सिंह

चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध

कुल गीत

शस्य श्यामला बादलपुर की हरी भरी उर्वर धरती पर जन-गण मंगल करने के हित, विद्या दीप जलाया है।

गंगा यमुना की धारायें इसके तट पावन करती

मुक्त प्रदूषण शीतल छाया, तन मन को पुलकित करती

शान्ति समन्वय नैतिकता हित ज्ञान का दीप जलाया है।

शस्य श्यामला .....

खेत-खेत क्यारी-क्यारी में, नित्य नया जीवन भरती

श्रम सीकर सिंचित यह माटी चन्दन सा जग महकाती

बाल पुष्प का सौरभ माटी चन्दन अगरु जलाया है

शस्य श्यामला .....

इसका है इतिहास निराला गाथा गायन अलबेला

निहिर भोज की कीर्ति कथा से इसका मस्तक गर्वीला

गत भी है परम्परागत विद्या दुर्ग सजाया है।

स्य श्यामला .....

आजादी के प्रथम युद्ध की साक्षी है पावन धरती

बुद्ध तथागत की करुणा भी ममता का संचय करती

समरस की सुन्दर संध्या में रंजन द्वीप जलाया है।

शस्य श्यामला .....

भव्य भारती के पदतल में करें अर्चना करें नमन

रमा विजय श्री मिले सभी को, जितेन्द्रिय सब बने युवा ज

ज्ञान सूर्य से मिटे तिमिर सब, ज्योतिर्पुंज जलाया है।

शस्य श्यामला .....

ऊर्जा बौद्धिकता मानवता शुचिता पावनता और सृजन

विद्या मन्दिर बादलपुर का आओ कर लें अभिनन्दन

विद्या हर घर-घर तक पहुँचे ज्ञान का शंख बजाया है

शस्य श्यामला .....

अनुक्रमणिका

1. **कुलगीत**	कु.मा.रा.म. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर	
2. **संदेश**	महामहिम राष्ट्रपति, राष्ट्रपति सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली	
3. **संदेश**	श्री राम नाईक, राज्यपाल, लखनऊ, उ०प्र०	
4. **संदेश**	श्री योगी आदित्य नाथ, मुख्यमंत्री, उ०प्र०	
5. **संदेश**	डॉ० राजेन्द्र पाल सिंह, निदेशक, उ०शि० इलाहाबाद, उ०प्र०	
6. **संदेश**	प्रो० नरेन्द्र कुमार तनेजा, कुलपति, मेरठ मंडल, मेरठ	
7. **महाविद्यालय प्राचार्या**	डॉ० करुणा सिंह, प्राचार्या	
8. **प्राचार्या की लेखनी से**	डॉ० करुणा सिंह, प्राचार्या	
9. **सम्पादकीय**	डॉ० दीप्ति वाजपेयी, प्रधान सम्पादिका	
गद्याञ्जलि		07-53
10. अज्ञेय के काव्य में शिल्प विधान	**डॉ० मिन्तु**, असि०प्रो० हिन्दी	08-12
11. हिन्दी साहित्य की विकास यात्रा	**डॉ० किशोर कुमार**, एसो० प्रो० – (इतिहास विभाग)	13
12. प्रयोजन मूलक भाषा एवं उसके प्रकार	**कु. संजय नागर**, एम.ए. द्वितीय वर्ष (हिन्दी)	14-16
13. रोजगार परक भाषा	**भावना देवी**, बी.ए. द्वितीय वर्ष	16-17
14. लोक-वार्ता और लोक संस्कृति	**नेहा**, एम.ए. द्वितीय वर्ष (हिन्दी)	17-19
15. अपना-अपना कुरुक्षेत्र	**कु० रुबी विकल**, एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी)	20-21
16. अन्तर्दृष्टि	**कु० कंचन**, एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी)	21-22
17. विचार-बिन्दु	**कु० प्रियंका**, एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी)	22
18. क्षेत्रीय पत्रकारिता	**कु० मनु**, एम.ए. द्वितीय वर्ष (हिन्दी)	22-23
19. समय की कीमत	**मीनाक्षी बैसोया**, एम.ए. प्रथम वर्ष (अर्थशास्त्र)	23
20. काव्यप्रयोजनम्	**डॉ० नीलम शर्मा**, असि०प्रो० संस्कृत विभाग	24-26
21. छात्रों में उच्चारण सम्बन्धी अशुद्धियाँ	**डॉ० दीप्ति वाजपेयी**, एसो०प्रो० संस्कृत विभाग	27-29
22. संघे शक्तिः कलौ युगे	**सविता**, बी.ए. तृतीय वर्ष	30
23. विद्यार्थी-जीवनम्	**कल्पना कुमारी**, बी.ए. प्रथम वर्ष	31-32
24. भारतीय संस्कृतिः	**रिंकी नागर**, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर	32-34
25. वाल्मीकिः	**मोनिका सिंघल**, बी.ए. द्वितीय वर्ष	35-37
26. हिमालयः	**अर्चना रानी**, बी.ए. प्रथम वर्ष	37
27. वसन्तः	**संजू नागर**, एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर	38
28. वैदिक संस्कृतिः	**गीता रौसा**, एम.ए. प्रथम सेमेस्टर	39-40
29. महाकवि बाणभट्टः	**सरिता रौसा**, बी.ए. तृतीय वर्ष	40-42

30.	Adolescent Health Program in India	**Smt. Shilpi**, Asst. Prof. - (Home Science)
31.	Rural Uplift Programme in India	**Dr. Vineeta Singh**, Asst. Prof. – (Sociology)
32.	Environment and Human Health	**Dr. Meenakshi Lohani**, Asst. Prof. – (Geography)
33.	My Lovely Mother	**Anjali Pal**, B.A. Ist
34.	Story- Do not Boast Yourserlf	**Pooja**, B.A. Ist
35.	Story- Saying 'Sorry'	**Deepanshi**, B.A. Ist
36.	Story- Shibi Rana the King	**Monika**, B.A. IIIrd
37.	Right to Education	**Divya Sharma**, M.A. II Sem.
38.	Jokes	**Kamna**, B.A. Ist
39.	Tulsi: The Best Medicine	**Kavita**, B.A. IIIrd
40.	What is Life or Different view of life	**Neelam**, B.A. Ist
41.	Who is poor- (Story)	**Reeta**, B.A. IInd
42.	Lazy Jack	**Ramna**, B.A. Ist
43.	The Importance of Values and Morals	**Priya Bansal**, B.A. Ist

काव्याञ्जलि

44.	वक्त	**डॉ० कनकलता**, असि०प्रो० संस्कृत विभाग
45.	सत्यता	**कु. मनीषा चौहान**, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष
46.	भारत देश	**काजल चौधरी**, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष
47.	अनमोल दहशत	**प्रियंका**, बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष
48.	विश्वास	**कु. पूजा कर्दम**, बी.कॉम. प्रथम वर्ष
49.	उस आदमी का जीना	**कु. मोनिका**, बी.एस–सी. प्रथम वर्ष
50.	मन के हारे हार है	**काजल नागर**, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष
51.	हिन्दुस्तान	**रिंकी नागर**, बी.कॉम. प्रथम वर्ष
52.	बरसात	**कु. मनीषा**, एम.ए. द्वितीय वर्ष (हिन्दी)
53.	क्या रोये	**कु. मोनिका शर्मा**, एम.ए. द्वितीय वर्ष (हिन्दी)
54.	अमन चाहता है	**कु. नेहा नागर**, बी.ए. प्रथम वर्ष
55.	गजब	**पूजा नागर**, बी.ए. तृतीय वर्ष
56.	सरस्वती वन्दना	**अर्चना शर्मा**, एम.ए. प्रथम वर्ष
57.	देवस्तुतिः	**देवेन्द्री**, एम.ए. द्वितीय वर्ष
58.	अग्निपुराणे प्रकृतिः	**रिंकी नागर**, एम.ए. द्वितीय वर्ष
59.	प्रहेलिकाः	**सायना**, बी.ए. द्वितीय वर्ष
60.	शिवस्तुति	**अंजली नागर**, बी.ए. प्रथम वर्ष
61.	महाभारते इच्छामृत्युः	**संजू**, एम.ए. प्रथम वर्ष
62.	महाभारतीयसंवादसमीक्षणम्	**गीता**, एम.ए. प्रथम वर्ष
63.	सुभाषितानि	**अंजना**, बी.ए. प्रथम वर्ष

54-66

43.	Why Didn't you let me live?	**Aanchal Nagar**, B.A. IInd — 64
44.	Teachers	**Pooja Nagar**, B.A. IInd — 64
45.	My Nation	**Priya Bansal**, B.A. Ist — 65
46.	My India	**Priyanka**, B.A. IIIrd — 66
47.	I Love My Country	**Manju**, B.A. Ist — 66

विविधाञ्जलि

67-104

48.	वार्षिक आख्या सत्र –2016–17	**डॉ० अनीता रानी राठौर**, एसो०प्रो० अंग्रेजी — 68–69
49.	हिन्दी परिषद्	**डॉ० मिन्तु**, असि०प्रो० हिन्दी — 70
50.	संस्कृत परिषद्	**डॉ० दीप्ति वाजपेयी**, परिषद् प्रभारी — 70–71
51.	अंग्रेजी परिषद्	**डॉ० अनीता रानी राठौर**, परिषद् प्रभारी — 71–72
52.	राजनीति विज्ञान परिषद्	**डॉ० ममता उपाध्याय**, एसो०प्रो० राज. विज्ञान — 72–73
53.	अर्थशास्त्र परिषद्	**श्रीमती पवन**, असि०प्रो० अर्थशास्त्र — 74
54.	इतिहास परिषद्	**डॉ० निधि रायज़ादा**, परिषद् प्रभारी — 74–75
55.	समाजशास्त्र परिषद्	**डॉ० सुशीला**, परिषद् प्रभारी — 76
56.	गृह विज्ञान परिषद्	**डॉ० शिवानी वर्मा**, परिषद् प्रभारी — 76–77
57.	भूगोल परिषद्	**डॉ० मीनाक्षी लोहनी**, परिषद् प्रभारी — 78
58.	शिक्षाशास्त्र परिषद्	**डॉ० सोनम शर्मा**, परिषद् प्रभारी — 78
59.	संगीत परिषद्	**डॉ० बबली अरुण**, परिषद् प्रभारी — 79
60.	वाणिज्य परिषद्	**डॉ० अरविन्द कुमार यादव**, परिषद् प्रभारी — 79–80
61.	रसायन विज्ञान परिषद्	**श्रीमती नेहा त्रिपाठी**, परिषद् प्रभारी — 80–81
62.	भौतिक विज्ञान परिषद्	**डॉ० ऋचा**, परिषद् प्रभारी — 81
63.	वनस्पति विज्ञान परिषद्	**डॉ० प्रतिमा तोमर**, परिषद् प्रभारी — 81
64.	जन्तु विज्ञान परिषद्	**डॉ० दिनेश चन्द्र शर्मा**, परिषद् प्रभारी — 82–83
65.	शारीरिक शिक्षा विभाग	**श्री धीरज कुमार**, असि०प्रो० शारीरिक शिक्षा — 84
66.	बी.एड. विभाग	**डॉ० बलराम सिंह**, प्रभारी बी.एड. — 85
67.	साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद्	**डॉ० अनिता रानी राठौर**, परिषद् प्रभारी — 86
68.	राष्ट्रीय सेवा योजना	**डॉ० दीप्ति वाजपेयी**, कार्यक्रम अधिकारी — 87–89
69.	National Cadet Corps	**Dr. Meenakshi Lohani, Dr. Neelam Sharma** — 90-91
70.	रेंजर्स	**डॉ० सुशीला**, रेंजर्स प्रभारी — 91–92
71.	महिला प्रकोष्ठ	**डॉ० अर्चना सिंह**, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी — 93–94
72.	रोजगार प्रकोष्ठ एवं कैरियर काउन्सलिंग सेल	**श्रीमती भावना यादव**, परिषद् प्रभारी — 94
73.	पुरातन छात्र सम्मेलन	**डॉ० मिन्तु**, असि० प्रो० हिन्दी — 95
74.	वॉल–मैगजीन आख्या	**श्रीमती नेहा त्रिपाठी, डॉ० नीलम शर्मा** — 96
75.	ESPD Club	**Ms. Diksha, Convenor** — 96
76.	राष्ट्रीय सेमिनार	**डॉ० जीत सिंह**, संयोजक सेमिनार — 97–99
77.	राष्ट्रीय कार्यशाला	**डॉ० बलराम सिंह**, संयोजक राष्ट्रीय कार्यशाला — 100–101
78.	शैक्षिक भ्रमण	**डॉ० रतन सिंह**, असि०प्रो० (बी.एड.) — 102–103
79.	महाविद्यालय परिवार	**श्रीमती दीक्षा**, असि. प्रो. अंग्रेजी विभाग — 104

VISION

To provide low cost quality higher education to the girl students of socio-economically weaker sections of the area, in order to bridge the rural-urban divide and thus bring about holistic national development.

परिकल्पना

इस क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की छात्राओं को कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विभेदों को दूर करते हुए समग्र राष्ट्र का विकास करना।

MISSION

As a unit of Uttar Pradesh Government Higher Education, "Kumari Mayawati Govt. Girls Post Graduate College, Badalpur" is engaged in pursuit of academic excellence, in order to achieve the empowerment of women in the adjoining rural area by:
- the development of leadership skills, inner strength and self-reliance,
- inculcate moral values and tolerance and
- making new technological innovations available to the target group, in order to prepare them to face national and global challenges.

संकल्प

उ.प्र. राज्य उच्च शिक्षा की इकाई के रूप में "कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर ग्रामीण अंचल की छात्राओं को गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा प्रदान कर निम्न बिन्दुओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को यथार्थ स्वरूप प्रदान करने हेतु कृत संकल्प है –

– छात्राओं में मनोबल, आत्मनिर्भरता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना।
– उनमें नैतिक मूल्यों का विकास कर सहिष्णुता की भावना विकसित करना।
– नवीन तकनीकी एवं नवाचारों के माध्यम से छात्राओं में राष्ट्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करना।

शमीमा सिद्दीकी
SHAMIMA SIDDIQUI
भारत के राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव
Deputy Press Secretary
to the President of India

राष्ट्रपति सचिवालय,
राष्ट्रपति भवन,
नई दिल्ली – 110004.
PRESIDENT'S SECRETARIAT
RASHTRAPATI BHAVAN,
NEW DELHI - 110004.

'संदेश'

भारत के राष्ट्रपति, श्री प्रणब मुखर्जी को यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर (उ.प्र.) द्वारा अपनी पत्रिका **'ज्ञानाञ्जली'** का प्रकाशन किया जा रहा है। आशा है पत्रिका में दी गई सामग्री पाठकों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक होगी।

राष्ट्रपति जी पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

नई दिल्ली
31 मार्च, 2017

राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव

डॉ० करूणा सिंह
(प्राचार्या)
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर।

Tel. (O) : 91-11-23793528 (Direct), 91-11-23015321 Extn. 4442, Fax : 91-11-23010252
E-mail : message-rb@rb.nic.in

राम नाईक
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

सत्यमेव जयते

राज भवन
लखनऊ – 226 027

04 अप्रैल, 2017

'संदेश'

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर (गौतमबुद्धनगर) द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका **'ज्ञानाञ्जली'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

उच्च शिक्षा संस्थानों पर अपने विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देने की जिम्मेदारी है । मुझे उम्मीद है कि महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका में विद्यार्थियों के उपयोगार्थ महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक पाठ्य सामग्री का समावेश किया जायेगा।

वार्षिक पत्रिका **'ज्ञानाञ्जली'** के सफल प्रकाशन के लिये मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

डॉ० करूणा सिंह
(प्राचार्या)
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर।

(राम नाईक)

दूरभाष : 0522–2620494–95, 2236497–98, 2236992,2620331, 2620316, 2236093, फैक्स : 0522–2239488
ई–मेल : hgovup@nic.in वेबसाइट: www.upgovernor.gov.in

G/102/CM-2/7
लाल बहादुर शास्त्री भवन,
लखनऊ

मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

योगी आदित्यनाथ

'संदेश'

हर्ष का विषय है कि कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर गौतमबुद्धनगर द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका **'ज्ञानाञ्जली'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

शिक्षण संस्थानों की पत्रिकाएं विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करके, उनके सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से पाठकों को शिक्षण संस्थान के क्रियाकलापों के विषय में भी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। मुझे विश्वास है कि वार्षिक पत्रिका **'ज्ञानाञ्जली'** अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल होगी।

वार्षिक पत्रिका **'ज्ञानाञ्जली'** के उद्देश्यपरक प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

डॉ० करूणा सिंह
(प्राचार्या)
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर।

(योगी आदित्यनाथ)

डॉ० राजेन्द्र पाल सिंह
निदेशक, उच्च शिक्षा

उच्च शिक्षा निदेशालय, उ०प्र०
इलाहाबाद

0532–2623874 (का०)
0532–2423919 (फैक्स)
0532–2256785 (आ०)
9415295755 (मो०)

दिनांक 21–04–17

'संदेश'

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर गौतमबुद्धनगर द्वारा वार्षिक पत्रिका **'ज्ञानाञ्जली'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व महाविद्यालय में अध्ययनरत विभिन्न संकायों के छात्राओं के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक विषयों पर लेख प्रकाशित किये जायेंगे।

आशा है कि सार्थक लेखों के संग्रह के द्वारा पत्रिका छात्राओं के लिये सृजनशीलता, सुरुचिपूर्ण, रचनात्मक प्रतिभा व उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, संयम, कर्त्तव्यपरायणता एवं देश प्रेम की भावना को विकसित करने में सहायक सिद्ध हो सकेगी तथा उनके लिये पथ–प्रदर्शक का कार्य करेगी।

पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिये महाविद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ।

डॉ० करूणा सिंह
(प्राचार्या)
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर।

(डॉ० आर०पी० सिंह)

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय
मेरठ–250 004 (उ०प्र०)

प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार तनेजा
पी–एच०डी० (अर्थशास्त्र)
कुलपति

पत्रांक : एस०वी०सी० / 20 /
दिनांक : 27.03.2017

'संदेश'

जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, (गौतमबुद्ध नगर) द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका **''ज्ञानाञ्जलि''** सत्र 2016–17 का प्रकाशन किया जा रहा है। विश्वास है कि पत्रिका विद्यार्थियों के विचारों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम बनेगी और उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक होगी।

महाविद्यालय परिवार को पत्रिका प्रकाशित करने हेतु शुभकामनाएँ ।

नरेन्द्र तनेजा
(एन० के० तनेजा)

डॉ० करूणा सिंह
(प्राचार्या)
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर।

कुलपति आवास, विश्वविद्यालय परिसर
मेरठ – 250 004

कार्यालय : +91–0121–2760554,2760551, फैक्स: 2762838
शिविर कार्यालय : +91–0121–2600066, फैक्स:2760577

वैबसाइट : ccsuniversity.ac.in
ई–मेल: vc@ccsuniversity.ac.in

प्राचार्या

सरल एवं सृजनशील व्यक्तित्व की धनी

प्राचार्या की लेखनी से

महाविद्यालय पत्रिका 'ज्ञानाञ्जलि' के लिए अपनी लेखनी से चन्द शब्दों को लिखते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष एव गर्व की अनुभूति हो रही है। मानव अपने जीवन का निर्धारण ज्ञान के द्वारा करता है और यह ज्ञान ही मानव को अमरत्व प्रदान करता है। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो मानव जीवन को विकसित कर, अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर भविष्य में विश्व के देशों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकता है।

समाज की महत्वपूर्ण औपचारिक इकाईयाँ हैं – हमारी शिक्षण संस्थाएं। शिक्षा प्रदान करने, संस्कारों के बीजारोपण एवं उन्हें परिष्कृत करने का गुरुतर दायित्व समाज द्वारा इन्हीं शिक्षण संस्थाओं को सौंपा गया है। हमारा महाविद्यालय शिक्षा के इन्हीं उद्देश्यों की परिपूर्ति हेतु प्रयत्नशील है, शिक्षा के उस सुन्दर आदर्श की प्राप्ति की ओर अग्रसर है जो कार्यकुशलता के साथ जीवन का अवलम्ब बन सके, एक सभ्य, सुसंस्कृत राष्ट्र की संरचना कर सके।

हमारा महाविद्यालय प्रतिवर्ष नए एवं उच्च शैक्षिक कीर्तिमान स्थापित करता जा रहा है, जिसका सम्पूर्ण श्रेय महाविद्यालय के प्रबुद्ध, कर्मठ एवं लगनशील प्राध्यापकों को जाता है। महाविद्यालय के प्राध्यापक छात्राओं के ज्ञानार्जन के साथ निरन्तर उनके व्यक्तित्व को निखारने हेतु प्रयासरत हैं, जिससे कि वे समाज में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान निर्धारित कर सकें।

महाविद्यालय पत्रिका 'ज्ञानाञ्जलि' के प्रकाशन हेतु समस्त महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। पत्रिका के सफल सम्पादन हेतु मुख्य सम्पादिका एवं सम्पादक मण्डल बधाई के पात्र हैं। पत्रिका का प्रकाशन इस बात का द्योतक है कि आपसी सहयोग एवं सामंजस्य से ही कार्य सफल होते हैं। पत्रिका के प्रकाशन में समस्त प्राध्यापकों एवं कार्यालय कर्मचारियों के सहयोग हेतु आभार व्यक्त करती हूँ। समस्त छात्रायें जिन्होंने अपने लेख, निबन्ध एवं कविता से पत्रिका को सुसज्जित किया है, प्रशंसा की पात्र हैं।

पत्रिका के सम्पादन एवं प्रकाशन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग हेतु सभी का आभार प्रकट करते हुए अन्त में छात्राओं का आह्वान इन पंक्तियों के साथ करती हूँ :

'हमें नहीं है किसी आसमां की तलाश
इसी जमीं को हमें आसमां बनाना है'

अनन्त शुभकामनाओं सहित

– डॉ० करुणा सिंह
प्राचार्या

सम्पादकीय

संस्कृति हमारे विवेक की संचालिका शक्ति है। इसी से हमारी रुचि की, ज्ञान की सर्जना होती है। सत्यं–शिवं–सुन्दरं की त्रिवेणी संस्कृति के रूप मे प्रतिपल मानव जीवन में प्रवाहित होती रहती है। संस्कृति मानव की मानसिक, नैतिक, भौतिक, आधिक, सामाजिक, राजनैतिक तथा कलात्मक जीवन की समग्रता का नाम है।

जीवन की सरिताओं, मैदानों, वनों, चट्टानों, वड़वानल, दावानल, मलयपवन, झंझावातों को सहते हुए, सबके साथ बहते हुए आगे बढने वाली जो निर्विकल्पक जीवधारा जीवन को सजीव बनाये रखती है, इसी जीवधारा को संस्कृति की संज्ञा दी जाती है। मानव जीवन मे जितना भी वैभव है वह मनुष्य के मन, प्राण और शरीर के दीर्घकालीन प्रयत्नों का परिणाम है। धर्म, दर्शन, साहित्य व कला उसी के अंग हैं। संस्कृति आत्मिक उत्थान का चिन्ह, आत्म–उत्कर्ष की सीढ़ी तथा आत्म दर्शन का मार्ग है। संस्कृति आत्मशुद्धि द्वारा सर्वगुणों का विकास करने वाली सर्वोत्कृष्ट मार्ग प्रदर्शिका है। संस्कृति जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण एवं हमारे सृजन का प्रकटीकरण है। यह सृजन जब शब्दों मे आबद्ध होकर साकार रुप लेता है तो वह सृजनकार की आंतरिक सस्कृति को प्रकट करता है।

महाविद्यालय पत्रिका ज्ञानाञ्जलि जहाँ एक ओर छात्राओं की सृजनात्मकता को मंच प्रदान कर उनकी आन्तरिक संस्कृति को आकार देने का एक सहज प्रयास है वहीं आदरणीय प्राचार्या डॉ० करुणा सिंह की स्नेहिल छत्रछाया में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई विभिन्न शिक्षण सहगामी गतिविधियों, उपलब्धियों तथा भावी आशाओं का प्रतिबिम्ब है।

नवोन्मेषण द्वारा ज्ञानाञ्जलि को नवीन कलेवर प्रदान करने का समस्त श्रेय माननीय प्राचार्या जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन को जाता है। सम्पादन जैसा गुरुतर दायित्व प्रदान कर मेरी सृजनात्मक कल्पनाओं की उड़ान को पंख देने हेतु मैं प्राचार्या महोदया के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करती हूँ।

ज्ञानाञ्जलि के सफल प्रकाशन हेतु अपने अमूल्य शुभकामना संदेशों द्वारा हमारा उत्साहवर्धन करने के लिये मैं महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी, महामहिम राज्यपाल श्री राम नाईक, माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, आदरणीय डॉ० आर.पी.सिंह, शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) एवं प्रो० नरेन्द्र कुमार तनेजा, कुलपति चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रति हार्दिक आभारी हूँ।

साथी सम्पादक मंडल एवं महाविद्यालय परिवार का पुनः पुनः धन्यवाद व्यक्त करती हूँ, जिनके समवेत सद्प्रयासों के परिणामस्वरूप पत्रिका की अपेक्षित गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सका। अपनी सृजनशीलता से आन्तरिक संस्कृति को मुखर रूप प्रदान करने वाली छात्राएँ साधुवाद की पात्र हैं।

ईश्वर से मेधा एवम् शुभता की कामना के साथ ज्ञानाञ्जलि का यह दशम् अंक आपके सम्मुख है –

ओ३म् यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते।
तया मामद्य मेधयाऽग्ने, मेधाविनं कुरुस्वाहा।।

– डॉ० दीप्ति वाजपेयी
प्रधान सम्पादिका

गद्याञ्जलि

अज्ञेय के काव्य में शिल्प विधान

डॉ० [illegible]
असि० प्रो० [illegible]

वस्तु के साथ शिल्प का अविभाज्य सम्बन्ध है। संवेदन तत्वों को शिल्प ही रुपाकार प्रदान करता है। यद्यपि वस्तु क शिल्प का स्थानापन्न नही माना जा सकता तथापि अज्ञेय के अनुसार – 'वस्तु को शिल्प से अलग नहीं किया जा सकता किसी भी रचना का शिल्प और तन्त्र भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना कि वह वस्तु जिसका सम्प्रेषण होना है। विशिष्ट क अपने सम्प्रेषण के लिए विशिष्ट शिल्प की अपेक्षा रखती है। शिल्प–विरोधी प्रगतिवादी भी यह मानते हैं कि वस्तु और शिल्प के सामंजस्य से रचना अधिक प्रभावशाली बन जाती है। काव्य में शब्द के माध्यम से अर्थ का विधान होता है। शब्द विधान क सम्बन्ध शिल्प से है और अर्थ का वस्तु से। जिस प्रकार शब्द और अर्थ एक अविभाज्य बंधन में बंधे रहते हैं उसी प्रकार व सम्बन्ध शिल्प और वस्तु में होना चाहिए। अज्ञेय अपने 'रागदीप्त' सत्य को, अपनी अपनी अनुभूतियों का रुपाकार देने शिल्प के उपकरणों का बड़ी सावधानी से प्रयोग करते हैं। सिर्फ शिल्प के लिए, शिल्प की बात वे नहीं करते।

कवि अपनी अनुभूतियों को जिन माध्यमों से प्रस्तुत करता है, वे ही शिल्प के उपकरण कहे जाते हैं। इनकी संख अनगिनत हो सकती है। नए–नए माध्यमों की तलाश निरंतर जारी रहती है। कभी–कभी मौलिक संवेदन तत्वों को अभिव्यक्त करने के लिए शिल्प के नए उपकरण का भंडार निरंतर समृद्ध होता रहता है।

बिम्ब योजना

बिम्ब शब्द मानस–प्रतिमा का पर्याय है। जीवन और जगत् की अनुभूति हमें बाह्य संवेदनों से प्राप्त विभिन्न बिम्बों रुप में ही होती है। व्यक्ति–मानस एक ऐसा चित्र–फलक है, जहाँ बाह्य–परिवेश के सन्निकर्ष से निरंतर बिम्बों का ग्रह होता रहता है। हमारे चिन्तन के मूल में भी बिम्ब निहित होते हैं। चिंतन के समय हमारे मानस में अनेक स्मृतिजन्य त स्वरचित बिम्ब उभरते तथा विलीन होते रहते हैं। इनमें से स्मृतिजन्य बिम्ब तो पूर्वगामी अनुभूति के पुनरुत्पादन मात्र होते जबकि स्वरचित बिम्ब मौलिक होते हैं। काव्य में प्रायः कल्पना के योग से निर्मित स्वरचित बिम्बों का विशेष महत्व होता ज्ञानेन्द्रिय के द्वारा ग्रहण किये गये ऐन्द्रिय बिम्बों को भी भाषा में रुपान्तरित करते समय कवि–गण उन्हें अपनी कल्पना तूलिका से रंग कर नया बना देते हैं।

काव्य में बिम्बों के प्रयोग का इतना अधिक महत्व है कि इनके आधार पर कवि के व्यक्तित्व तक का मूल्यांकन कि जाने लगा है। कुछ आलोचक तो बिम्ब–विधायनि भाषा को ही कविता मानने लगे हैं। नयी कविता अपने विकास क्रम में द दौर से भी गुजरी है जब कविता के नाम पर बिम्बों की मांग की जाती थी। खास कर ऐसे बिम्ब जो पाठकों में एक ऐ मानस– प्रतिमा के निर्माण में सक्षम हों जो उनके अनुभवों से जुड़कर विशेष अर्थ व्यंजित करने लग जायें अथवा जो उ निजी सौन्दर्य के अतिरिक्त प्रतीकार्थ भी रखते हों, एक अच्छी कविता के घटक तत्व बन सकते हैं। अज्ञेय ने बिम्बों को प्रा अपनी भाषा में मूर्तीकरण की क्षमता बढ़ाने, चिंतन को अधिक प्रेषणीय बनाने, वस्तु को अधिक ग्राह्य एवं स्पष्ट करने, प्रतीक से युक्त का सत्यान्वेषण में सहायक बनाने आदि के लिए किया है।

अज्ञेय के आरंभिक काव्यों में बिम्बों की उतनी बहुलता नहीं है जितनी **'हरी घास पर क्षण भर'** एवं परवर्ती काव्य बिम्ब–चित्रण की कुशलता क्रमशः कवि में बढ़ती गई है। किंतु इसका यह अभिप्राय नहीं कि पूर्ववर्ती काव्यों में सश बिंब–चित्रण के उदाहरण नही मिलते हैं। पूर्ववर्ती रचनाओं में भी अनेक स्थलों पर सफल बिम्ब–चित्रण के उदाहरण जाते हैं। एक उदाहरण दृष्टव्य है :

"बादलों का हाशिया है आसपास
बीच कूजों की डार, कि
लिखी पाँत काली बिजली की
आषाढ़ की निसानी।'

जो पंक्तियाँ उदाहरण रुप में यहाँ उद्धत की गयी हैं उनकी मार्मिकता एक विशेष सन्दर्भ में है।

'हरी घास पर क्षण भर' एवं परवर्ती रचनाओं में बिम्बों की बहुलता के साथ विविधता का प्रवेश भी होता है। साध्य एवं साधन रुप में बिम्बों के प्रयोग के अतिरिक्त मानवीय संवेदना के सभी केन्द्रों को छूने वाले बिम्बों का चित्रण कवि ने किया है। विषय की दृष्टि से भी विविधता आई है। ऐन्द्रिय–बिम्बों के अतिरिक्त प्राकृतिक, पौराणिक, वैज्ञानिक प्रगतिसूचक, मनोवैज्ञानिक, प्रतीक समन्वित आदि बिम्बों की अवतारणा उनके काव्य में हुई है। ऐन्द्रिय–बिम्बों के घेरे में न आने वाले अनुभव, दर्द, जीवन–सत्य आदि को रुपायित करने वाले, खंडित तथा विरोधाभास पर आधृत, रहस्य संकेतित करने वाले, विभिन्न मनोभावों को उद्दीप्त करने वाले आदि विभिन्न प्रकार के बिम्बों के अंकन की प्रवृत्ति परवर्ती रचनाओं में बढ़ी है। "अरी ओ करुणा प्रभामय' में तो अनेक कविताएँ बिम्बात्मक ही हैं। गति की दृष्टि से गत्यात्मक एवं स्थिर, स्पर्श पर आधृत कोमल एवं कठोर, आकार के आधार पर विराट एवं लघु आदि अनेक प्रकार के बिम्ब अज्ञेय के काव्य में प्रायः सर्वत्र विद्यमान हैं। 'क्योंकि मैं उसे जानता हूँ', 'सागर मुद्रा' तथा 'पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ' काव्य संकलन की कविताओं के बिम्बों में भावों एवं विचारों को उद्‌बुद्ध करने की शक्ति बढ़ी हुई प्रतीत होती है। चेतना की विभिन्न स्थितियों, काल के विविध रुपों, देश और काल के संश्लेषण से युक्त, अचेतन सत्ता पर चेतना के आरोप से निर्मित अनेक विशिष्ट बिम्ब इन रचनाओं में आये हैं। अज्ञेय द्वारा चित्रित प्रमुख बिम्ब रुपों का विवेचन, यहाँ संक्षेप में किया जा रहा है।

साध्य और साधन रुप

अज्ञेय ने साध्य रुप में बिम्बों का प्रयोग प्रायः कम ही किया है फिर भी अनेक कविताओं में उनका लक्ष्य एक बिम्ब प्रस्तुत कर देना भर प्रतीत होता है। जापानी मुक्तक 'हाइकू' से प्रभावित प्रायः समस्त कविताओं में एवं अनेक दूसरी प्रकृति संबंधी कविताओं में ऐसी स्थिति देखी जा सकती है। यह बात और है कि कवि उन बिम्बों का प्रस्तुतीकरण इस तरह करता है कि उससे हमारे विचार–केन्द्र झंकृत हो उठते हैं। साध्य रुप में बिम्बांकन का एक उदाहरण है, 'शरत पूर्णिमा' कविता। कवि इन पंक्तियों में 'शरत पूर्णिमा' को रुपायित करता है :

चाँद चितेरा
आँक रहा है शारद नभ में
एक चीड़ का खाका।'

यहाँ कवि का मूल उद्देश्य शरत पूर्णिमा का बिम्ब प्रस्तुत करना है। यह किसी विचार को हमारे सामने प्रस्तुत नहीं करना चाहता। इस बिम्ब को प्रस्तुत करने में कल्पना का उपयोग हुआ है। शरत्–चन्द्रिका में एक चीड़ के खाके का दर्शन कवि कल्पना से ही करता है। पाठक अपनी ग्राहक कल्पना से यह समझ लेता है कि किस प्रकार आकाश सफेद बादलों के टुकडे से घिरा हुआ है। यहाँ ध्यान देने कि बात यह है कि यदि आकाश निरभ्र होता तो चितेरा चाँद 'चीड़ का खाका' नहीं बना पाता। इस प्रकार के चित्रों में कवि पाठक की कल्पना को उद्‌बुद्ध भर कर देना चाहता है। बिम्बात्मक कविता यदि कल्पना को उद्‌बुद्ध न करे तो उसे कविता मानना ही नहीं चाहिए। चिड़िया की कहानी, पूनो की साँझ, रात में गाँव, धूप, वसंत, पहाड़ीयात्रा, पगडंडी आदि छोटी कविताओं में बिम्ब का महत्त्व अपेक्षाकृत अधिक है।

'चिड़िया की कहानी' में बिम्बांकन इस प्रकार है कि पाठक अपनी कल्पना का सहज ही उपयोग कर सकता है। चित्र सिर्फ इतना है : 'उड़ गई चिड़िया / काँपी, फिर / थिर / हो गई पत्ती।' पाठक को कल्पना करनी पड़ती है कि पत्ती जो बाद में चिड़िया के उड़ जाने पर थिर हुई, वह पहले भी 'थिर' ही थी। चिड़िया के बैठते समय भी पत्ती काँपी होगी या बैठे होने तक काँपती रही होगी किंतु कवि को यहाँ तक की घटना मार्मिक नहीं लगी। इस चित्र का मार्मिक अंश चिड़िया के उड़ने से आरंभ होता है। चिड़िया के उड़ने के बाद पत्ती का काँपना और फिर थिर हो जाना इस बिम्ब को जीवन के सन्दर्भ में मार्मिक बना देता है। 'पूनो की साँझ' कविता में 'पति सेवारत साँझ, पराये चाँद को उचकता देखकर ललाकर ओट हो जाती है।" इस चित्र में भी पाठक लाज की लालिमा को क्षितिज पर गहराते देखकर विस्मय–विमुग्ध रह जाता है। इसी प्रकार 'रात में गाँव', 'धूप', 'वसंत', 'पहाड़ी यात्रा', 'पगडंडी' आदि कविताओं में बिम्बों का प्रस्तुतीकरण ही प्रधान है। पहाड़ी यात्रा का चित्र देखिये –

मेरे घोड़े की टाप
चौखटा जड़ती जाती है
आगे के नदी व्योम, घाटी पर्वत के आरा-पारा
मैं एक चित्र में
लिखा गया-सा आगे बढ़ता जाता हूँ।'

यहाँ भी पहाड़ी यात्रा का बिम्बांकन ही कवि का लक्ष्य है किंतु कल्पना के उपयोग से उसने यात्री को चित्र में 'लिखा हुआ-सा' बना दिया है।

बिम्बों का साधन रूप में उपयोग ही अज्ञेय के बिम्बांकन का असली रूप है। बिम्ब, प्रतीक आदि वस्तुतः भावाभिव्यक्ति के साधन ही हैं। अज्ञेय ने भी मूलतः बिम्बों का प्रयोग साधन रूप में ही किया है। प्रकृति-संबंधी कतिपय छोटी कविताओं को छोड़ दें तो शेष कविताओं के बिम्ब साधन रूप में बिम्ब के ही उदाहरण कहे जायेंगे।

प्रकृति के बिम्ब

किसी भाव या विचार की पृष्ठभूमि में प्रकृति के नाना रूपों के बिम्ब अज्ञेय के काव्य में आए हैं। अनेक कविताएं प्रकृति के खंड एवं विशृंखल बिम्बों से युक्त हैं। आकाश, क्षितिज, सूर्य, चन्द्र, तारे, बादल, इन्द्रधनुष, वन, पर्वत, नदी, सागर, के खलिहान, दलदल, तट, आँगन, द्वार, सरोवर, झील, धूप, किरण, शैवाल, आदि प्रकृति के अनेक रूपों के खण्डचित्र अज्ञेय के काव्य में देखे जा सकते हैं। ऋतुराज की प्राकृतिक सुषमा का एक बिम्ब देखिये :

शिशिर ने पहन लिया वसन्त का दुकूल
गन्धवह उड़ रहा पराग-धूल झूल,
काँटों का किरीट धारे बने देवदूत
पीत-वसन दमक उठे तिरस्कृत बबूल।

ऋतुराज ने वसंत का दुकूल पहन लिया तथा वायु पराग लेकर उड़ने लगी, यहाँ तक कोई विशेष बात नहीं कि तिरस्कृत बबूल भी पीले वस्त्रों में दमक उठा, काँटे उसके लिए मुकुट के सामान बन गय; इससे अवश्य ही ऋतुराज की महिमा प्रकट हो गई। अन्य ऋतुओं से ऋतुराज की श्रेष्ठता के निरुपण के लिए यही एक संकेत काफी है। जब उसके प्रभाव से तिरस्कृत बबूल भी देवदूत बन उठता है तो औरों का क्या कहना। इसी प्रकार कवि ने शरद, वर्षा, हेमन्त आदि ऋतुओं के भी बिम्बांकन किया है।

प्रकृति के बिम्ब कहीं अलंकृत हैं, कहीं मानवीकृत तथा कही प्रकृति पर चेतना का आरोप कर उसे चेतन-सत्ता के रूप में अंकित किया गया है। 'ऋतुराज' कविता में प्रकृति का मानवीकृत रूप ध्यान देने लायक है। एक स्थल पर सूर्य में कुरर पक्षी का आरोप कर कवि ने संध्याकालीन धूप का बहुत ही प्रभावशाली रुपाकन किया है :

सूप-सूप भर
धूप-कनक
यह सूने नभ में गयी बिखर :
चौंधाया
बीन रहा है
उसे अकेला एक कुरर।

सूप में भरकर धूप-रुपी कनक का नभ-रुपी आँगन में बिखेरा जाना तथा सूर्य-रुपी अकेले कुरर पक्षी का उसे बीन जाना संध्याकालीन प्रकृति का एक चेतन बिम्ब उपस्थित कर देते हैं। धूप पर कनक के आरोप से स्वर्ण अथवा गेहूँ के रंग का रुपक ही नहीं सधता धूप की पीली पड़ती छवि भी आँखों के सामने आ जाती है। इसी तरह 'बीन रहा है उसे अकेला एक कुरर' से सूर्य के द्वारा धूप-रुपी दानों का चुनना ही निरुपित नहीं होता, क्रमशः धूप के विलीन होने और संध्या बेला के गहराने का संकेत भी मिलता है।

प्रकृति के विविध पुष्प, पेड़, पौधे, पशु-पक्षी, छोटे जीव-जन्तु आदि के बिम्ब भी अज्ञेय के काव्य में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। फूलों में – रजनीगंधा, कचनार, मालती, टेसू, शेफाली, बुरुंस, गुलाब, कुँई, चंपा, जूही, नलिनी, गुडहल, पलाश,

आदि; पेड़ पौधों में बबूल, पीपल, झाऊ, रोमर, बकुल, नरसल, चीड़ आदि, पक्षियों में – काक, बुलबुल, श्यामा, दहगल, फूलसुंघनी, हंस, टिटहरी, चातक, सारस, मोर आदि, पशुओं में – कुत्ता, गधा, जागर, मृग आदि, छोटे जीवों में – साँप, केंचुए, दादुर, घोंघे, भुनगे, मछली आदि अज्ञेय के काव्य में प्रकृति के बिम्ब के रुप में आये हैं।

प्राकृतिक क्रिया-व्यापार-भोर, दोपहर, साँझ, रात आदि के घटित होने तथा सूर्योदय, सूर्यास्त आदि के बिम्ब भी अनेक स्थलों पर अज्ञेय के काव्य में दृष्टिगत होते हैं। सूर्यास्त का एक आलंकारिक एवं भावपूर्ण चित्रांकन दृष्टव्य है :

यह सूरज का जपा फूल
नैवेद्य चढ़ चला
सागर-हाथों
अम्बा तिमिरमयी को :
रुको साँस भर,
फिर मैं यह पूजा-क्षण
तुमको दे दूँगा।'

सूर्यास्त प्रतिदिन घटने वाली एक साधारण घटना है किन्तु कवि ने इसके रुपांकन पर पूजा-क्षण का आरोप कर इसे अपनी भावना से रंजित कर दिया है। मानो सूर्यास्त की घटना अपने आप में एक पूजा की घटना हो, जिसमें सूरज रुपी जपा फूल सागर हाथों नैवेद्य रुप में अंबा तिमिरमयी को अर्पित कर दिया जाता है। सागर के किनारे सूर्यास्त का यह बिम्ब साधारण प्राकृतिक घटना को निश्चय ही चमत्कारपूर्ण बना देता है। इसी प्रकार 'भादों की उमस', माघ, फागुन, चैत, 'बदली की साँझ' 'वीर बहू' 'वसंत गीत' 'हरी घास पर क्षण भर', 'उषा के समय', 'रजनीगंधा', 'पावस प्रात, शिलङ', 'वैशाख की आँधी' दूर्वाचल, चक्रांत शिला, 'महानगर कुहरा', 'सागर-मुद्रा', 'नंदादेवी' आदि अनगिनत कविताओं में किसी न किसी रुप में प्रकृति के बिम्बों की उपस्थिति देखी जा सकती है।

ऐन्द्रिय बिम्ब

रुप-रंग, ध्वनि, गंध, स्पर्श और रस से संबंधित बिम्बों का अज्ञेय ने संश्लिष्ट प्रयोग किया है। नेत्र से रुप और रंग का बोध होता है। कवि ने अनेक वर्णयुक्त रुपाकारों का अंकन किया है। लाल, नीला, उजला, काला, पीला, हरा, रुपहला, भूरा, धूसर, आदि वर्णों से युक्त बिम्ब अनेक स्थलों पर आये हैं। रंग-संवेदना की दृष्टि से संभवतः अज्ञेय को लाल रंग सर्वाधिक प्रिय है। इसके विभिन्न शेड्स का चित्रण दृष्टव्य है :

(1) और ऊषा की धुंधली-सी
अरुणाली थी सारा जग सींचे
(2) भाल पर धरे लाल आग
(3) लाल अंगारे से डह डह इस
पंचमुख गुडहल के फूल को
(4) उजली लालिम मालती
गंध के डोरे डालती
(5) बदन घाम से लाल
(6) फूल अनोखा अग्निशिखा के रंग का सूरजमुखी
(7) मद्धिम लालिमा ढरकी अलक्षित
(8) अटपटी लाली ऊषा की हुई प्रगल्भ विभोर

इन प्रयोगों में लाल रंग एक ही प्रकार के लाल रंग का द्योतन नहीं करता – डह डह अंगारे के समान लाल रंग से ऊषा की धुँधली सी अरुणाली भिन्न है। इसी प्रकार उजलापन लिये हुए मालती की ललिमा घाम से लाल हुए बदन की लाली से भिन्न है।

अन्य रंगों का प्रयोग भी कवि ने विभिन्न शेड्स में किया है। 'चांदनी सित', 'शुभ्र अभ्र खण्ड', गोरी-चमक बालू की', 'धवल केश कुंचित मुख', 'धुँधला उजला पछी', 'अप्रत्याशित उजला दिपती धूप भरा उत्तर वासंती दिन,' उजली कपासी धूम डोरियाँ' आदि में उजले रंग के विविध रुप अंकित हुए हैं।

चिकनी काली स्पटन', 'काले घोल की–सी रात', 'बीहड़ काली एक शिला', 'नंगी काली डाली पर', धुएँ का शोर आदि प्रयोगों में काले रंग का विविध रुप चित्रित है। एक ही कविता में अनेक रंगो का अंकन दृष्टव्य है :

गेहूँ की हरी बालियों में से
कभी राई की उजली,
कभी सरसों की पीली फूल–ज्योत्स्ना दिप गई
कभी लाली पोस्ते की सहसा चौंका गई –
कभी लघु नीलिमा तीसी की चमकी और छिप गई।'

अज्ञेय के रंग–प्रयोग की विशेषता यह है कि उन्हें रंगों की बारीकियों का ज्ञान है तथा वे इसके अभिश्रित एवं [illegible] रुपो का प्रयोग करते हैं। उनके संश्लिष्ट रंग–प्रयोगों की अनेक विशेषताएं हैं। रंग–संवेदना के द्वारा उन्होंने रुप को [illegible] नही दिया है बल्कि इसके माध्यम से वे कभी भावना के स्वरुप को व्यक्त करना चाहते हैं, कभी इसका उपयोग प्रतीक के [illegible] में करते है। इसके अतिरिक्त चित्र को अधिक प्रखर बनाने के लिए रंग–संवेदना को अंकित किया गया है।

ध्वनि–बिम्बों की दृष्टि से अज्ञेय की 'असाध्य वीणा' कविता का विशेष महत्व है। इस कविता में अनेक बिम्बों [illegible] सफल प्रयोग हुआ है। उदाहरण के लिये– अन्न की सौंधी खुदबुद, नयी वधू की सहमी–सी पायल ध्वनि, शिशु की किलकारी मछली की तडपन, चहक चिडिया की, ताल युक्त घण्टाध्वनि, नौका पर लहरों की अविराम थपक, बहते जल की घुल–घुल सझा गोधूलि की लघु दुन–दुन, प्रलय का डमरु नाद आदि। दूसरे स्थलों पर भी अनेक ध्वनि–बिम्ब ध्यानाकर्षक है जैसे चट–चट–चट कर सहमा हिम खण्ड का।

निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि अज्ञेय बिम्ब योजना में अत्यन्त कुशल हैं। अनेक बिम्बों में विविधता एवं नवीनता है। उन पर कवि की भावानुभूतियों का गहरा रंग चढा हुआ है। जिस प्रकार चित्रकार कुछ ही रेखाओं में रेखाकृति को स्पष्ट कर देता है उसी प्रकार अज्ञेय थोडे से शब्दों में वांछित बिम्ब गढ लेते हैं। रुपाकार में निराकार भावों को प्रतिष्ठित करना तथा निराकार को आकार देना उनके बिम्ब विधान की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषता है।

'उडने में बुराई नहीं है, आप भी उड़े
लेकिन उतना ही जहाँ से जमीन साफ दिखाई दें'।

हिन्दी साहित्य की विकास यात्रा में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का योगदान

डा० किशोर कुमार
एसो० प्रोफेसर - (हिन्दी विभाग)

सूचना एवं प्रौद्योगिकी हमारे जीवन, शिक्षण, शोध, स्वाध्याय एवं प्रदर्शन को प्रभावित करने वाले सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपकरणों में से एक है। वैश्वीकरण के युग में दुनिया से जुडना और अपना अस्तित्व बचाना एक अपरिहार्यता है, और चुनौती भी। हिंदी साहित्य और उसके प्रणेताओं ने इस चुनौती को स्वीकार कर अपने अस्तित्व को एक नई सशक्त पहचान दी है। यह पहचान और सशक्त और विश्वसनीय बने इस हेतु अधिक प्रयास किये जाने आवश्यकता है। यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि साहित्य समाज का दर्पण है, साहित्य अपनी समस्त विधाओं के माध्यम से सामाजिक संवेदनाओं एवं विसंगतियों दोनों को, सर्वोच्च सत्य के माध्यम से अभिव्यक्ति करने में सक्षम है, वही प्रौद्योगिकी पारदर्शिता एवं जवाबदेही से सर्वोच्च सत्य को तीव्रता और शीघ्रता से अधिकतम जनसमूह तक पहुँचाने का माध्यम है। अतः जब प्राणयुक्त कला, साहित्य, भाषा, एक उपकरण सूचना एवं प्रौद्योगिकी में समन्वय बनाते हैं तो यह संयोग साहित्य को एक नवीन आयाम की ओर अग्रसर करता है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी से जुडते ही साहित्य एव साहित्यकार के क्षेत्र का विस्तार हो जाता है, यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि तकनीक यहाँ एक मात्र एक उपकरण है जो पाठकों, श्रोताओं आदि के सम्बन्ध में साहित्य के क्षेत्र का विस्तार करती है। साहित्य का स्तर साहित्यकार की रचनात्मकता, उसकी वैश्विक तथा मानवतावादी मनोदशा पर निर्भर करता है तकनीक पर नहीं। अतः तकनीक उपकरण है लक्ष्य नहीं। लक्ष्य है–श्रेष्ठ हिंदी साहित्य के माध्यम से अधिकाधिक जनसामान्य के जीवन को सकारात्मकता के साथ व्यापकता की ओर अग्रसर करना। साहित्यकारों एवं साहित्य को समर्पित वेबसाइट, ब्लॉग, फेसबुक एकाउंट्स एंड पेजेज, अन्य सोशल बेबसाइट, ई–मेल, ई–बुक्स, ई–कंटेंट्स, पीडीएफ एंड डाक्यूमेंट्स फॉर्मेट में उपलब्ध अनंत हिंदी साहित्य आज हमारे जीवन का हिस्सा हैं। यहाँ उसकी विश्वसनीयता की जाँच हमारे विवेक और तकनीक के सही प्रयोग पर निर्भर करती है।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी का एक बडा योगदान इसका लोकतान्त्रिक स्वरुप होना है। यह तकनीक प्रत्येक साहित्यकार एवं उसकी रचना को समान अवसर प्रदान करती है। यहाँ प्रख्यात साहित्यकार की सामान्य रचना और लोकप्रियता की ओर अग्रसर युवक लेखक और कवि की रचना यथासंभव न्यायसंगत स्थान प्राप्त करती है। प्रासंगिक होना यहाँ ज्यादा बडी चुनौती है, क्योंकि साहित्यवादों के साथ–साथ प्रत्येक पाठक और श्रोता आपका विशेषण करता है ओर प्रायः टिप्पणी भी करता है।

संक्षेपतः साहित्य का वैश्विक विस्तार, साहित्यकार के विचारों का अधिकतम प्रसार, समान अवसर, समालोचनात्मकता तथा चहुँमुखी विचार–प्रवाह से साहित्य एवं साहित्यकार का परिमार्जन इत्यादि अनेकानेक तथ्य हिंदी साहित्य की विकास यात्रा में सूचना एवं प्रौद्योगिकी के योगदान को परिलक्षित करते हैं।

'कला केवल यथार्थ की नकल का काम नहीं है कला दिखती तो यथार्थ है,
पर यथार्थ होती नही है। उसकी खूबी यही है कि वह यथार्थ मालूम हो।

मुंशी प्रेमचन्द

प्रयोजन मूलक भाषा एवं उसके प्रकारः एक अध्ययन

पु. संजय
एम.पु. हिन्दी वि.

प्रयोजन मूलक भाषा अंग्रेजी Functional Language का हिन्दी रुपान्तरण है। इससे तात्पर्य एक ऐसी भाषा से जो विभिन्न प्रयोजनो मे प्रयुक्त होकर कार्य सिद्ध करती है। प्रशासन, वाणिज्य, विज्ञान, उद्योग विधि, संचार अर्थात् राजनीति, शोधकार्य, शिक्षण कार्य आदि समस्त क्षेत्रो मे प्रयुक्त होकर तथा भौतिक चिन्तन एवं अभिव्यक्ति के स्तर पर द्वारा अपनी सार्थकता तथा अर्थवत्ता को सिद्ध करती है। जो भाषा जितने अधिक से अधिक क्षेत्रों में प्रवेश कर, जितने प्रयोजनो को सिद्ध करती है, वह उतनी ही अधिक प्रयोजनशील सिद्ध कहलाती है।

जिस प्रकार नदी अपने मार्ग अवरोधको को नष्ट करती हुई नित्य नवीन धाराओं में विभक्त होकर अपनी उर्वरा द्वारा विभिन्न प्रदेशों का सिंचन कर सार्थक होती है वैसे ही प्रयोजन मूलक भाषा भी ज्ञानविज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवेश होती हुई अपनी अर्थवत्ता मे अवसरानुकूल नित्य वृद्धि करती जाती है।

हिन्दी भाषा के प्रयोजनमूलक हिन्दी अध्ययन के अन्तर्गत कार्यालयों में प्रयुक्त होने वाली हिन्दी व्यवसाय उपयोग मे आने वाली हिन्दी अनुवाद तथा जनसंचार आदि विभिन्न क्षेत्रों की भाषा का अध्ययन किया जाता है। हिन्दी विभिन्न रुपो मे सृजनात्मक भाषा, संचार भाषा, राज भाषा, माध्यम भाषा, एवं मातृभाषा, प्रमुख है। जिनका पृथक-पृथक अध्ययन आगे किया जाता है।

सृजनात्क भाषा :– सृजनात्मक भाषा से तात्पर्य किसी भाषा से किसी भाषा की साहित्यिक उपलब्धियों से है। इस दृष्टि से कहा जा सकता है कि हिन्दी एक अत्यधिक समर्थ एवं सशक्त भाषा है। आदिकालीन साहित्य से ही हिन्दी भाषा साहित्य एक समृद्ध परम्परा रही है। आरम्भ में यह भाषा काव्य के माध्यम से भावाभिव्यक्ति करती थी लेकिन आधुनिक काल इसका केवल स्वरुपगत विकास नहीं हुआ अपितु इसने काव्य के क्षेत्र में निकलकर सशक्त गद्य को अपनाया और विभिन्न साहित्यिक विधाओं जैसे काव्य, नाटक, कथा–साहित्य, आलोचना, यात्रावृत्त, संस्मरण में प्रवेश कर अपने को विकसित किया। अतः सृजनात्मक भाषा के रुप मे हिन्दी एक सशक्त भाषा है, इसमें सन्देह नहीं।

संचार विधि :– सचार से तात्पर्य विभिन्न सूचनायें देने वाला अथवा मनोरंजन करने वाला है। हिन्दी विभिन्न संचार माध्यमों में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुकी है। यह स्पष्ट है रेडियो, टेलीविजन, कम्प्यूटर, इंटरनेट सभी पर हिन्दी की पहुँच संचार माध्यमों मे होने वाले भाषा सम्बन्धी परिवर्तनों से मिलता है कि हिन्दी की बनावट एवं क्षमता में निरन्तर विकास है। यह विकास एवं परिवर्तन सामाजिक जागरुकता का तथा नवीन संचार माध्यमों को तेज रफ्तार का परिणाम है। आज हिन्दी पत्रकारिता केवल संचार वितरण का कार्य नहीं करती अपितु उसमें अपनी एक मौलिकता समझ भी विद्यमान जनखर्च को लक्ष्य कर बनती सवरती हिन्दी संचार के प्रतिस्पर्धा संसार में पत्रकारिता को विविधता व्यावहारि प्रयोजनिकता आदि के नए अनुभव लगातार दे रही है।'' मात्र समाचार–पत्रों में ही नहीं अपितु रेडियो, टेलीविजन की भाषा समसामयिक सन्दर्भो से नित्य नवीन शब्दावली गृहण कर अधिकाधिक समर्थ एवं सक्षम होती जा रही है।

राजभाषा – हिन्दी में 'राजभाषा' शब्द अंग्रेजी के ऑफिशियल लैंग्वेज के रुपान्तरण के रुपों में प्रयोग होता है। राज का पारिभाषिक अर्थ है – 'सरकारी राजकाज के लिए प्रयुक्त भाषा।

भारतीय संविधान के निर्माण से पूर्व राजभाषा राज्य–भाषा एवं राष्ट्र भाषा को विद्वानों द्वारा प्रायः एक ही मान लिया जाता जो अनुचित था। वास्तविकता यह है कि राजभाषा राष्ट्रभाषा को विद्वानों द्वारा यह है कि राजभाषा, राष्ट्रभाषा राज्यभाषा मे सूक्ष्म होते हुए भी स्पष्ट अन्तर है। 'राजभाषा' वह भाषा होती है। जिससे सरकारी कामकाज हेतु कानून सम्पर्क हेतु स्वतः ही प्रयोग में लाई जाती है। राज्यभाषा किसी प्रान्त विशेष की व्यक्तियों द्वारा प्रयुक्त तथा उस राज्य सरकारी काम काज हेतु कानून द्वारा मान्यता प्राप्त भाषा होती है। संघ के विधानांग कार्यांग तथा न्यायांग आदि तीनों अंगो के कार्य कलाप में प्रयुक्त भाषा से है। अर्थात – ''किसी भी प्रकार की सरकार के विधानांग, कार्यांग तथा न्याय कार्य–कलाप के लिए माध्यम के रुप में प्रयुक्त संवैधानिक मान्यता प्राप्त भाषा ही राजभाषा कहलाती है।

राजभाषा की कुछ विशेषताएँ :-

1. राजभाषा को विधि द्वारा मान्यता प्राप्त होती है।
2. राजभाषा एक प्रयुक्ति के रुप मे प्रयुक्त होती है।
3. इसकी शब्दावली पारिभाषिक होती है।
4. इसका साहित्य सरकारी साहित्य कहलाता है।
5. राजभाषा सदैव शासन से जुड़ी रहती है।
6. किसी देश की राजभाषा राष्ट्रभाषा और राज्यभाषा भी हो सकती है जैसे – हिन्दी।
7. आवश्यक नहीं है कि देश की राजभाषा राष्ट्रभाषा भी हो।
8. किसी राष्ट्र में एक से अधिक राजभाषा विधि द्वारा मान्यता प्राप्त हो सकती है।
9. राजभाषा आलंकारिक न होकर नीरस एवं औपचारिक होती है।
10. राजभाषा की शब्दावली एकार्थक एवं निश्चित अर्थ वाली होती है।

संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा के रुप में हिन्दी को स्वीकार किया गया और संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुसार निर्देश दिये गये कि भारतीय सामाजिक संस्कृति को अभिव्यक्ति देने वाली हिन्दी का पूर्ण विकास हो।

माध्यम भाषा :– माध्यम भाषा से तात्पर्य उस भाषा से होता है जो किसी भी समाज में शिक्षा, ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों, प्रशासन और राजकाज के अंगो में अभिव्यक्ति का कार्य करती है। इस दृष्टि से हिन्दी अत्यधिक सशक्त एवं सूक्ष्म है किन्तु इन सभी क्षेत्रों में हिन्दी का रुप कार्य नहीं कर सकता, इसी कारण हिन्दी का रुप क्षेत्र एवं विषयानुरुप परिवर्तित होता रहता है। प्रत्येक प्रयोग क्षेत्र में हिन्दी की पृथक –पृथक प्रयुक्तियाँ मिलती हैं। हिन्दी का लक्ष्य भारतीय सामाजिक विकास के साथ–साथ संस्कृति प्रगति की दिशा में भी अग्रसर करना है। वह एक और व्यक्तिगत, सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों को वहन करने का माध्यम है तो दूसरी ओर शिक्षा, प्रशासन और राजकाज के सभी अंगों की अभिव्यक्ति का भी माध्यम है। अतः स्पष्ट है कि हिन्दी केवल साहित्य का नहीं अपितु साहित्येवर प्रशासन, राजभाषा, संचार भाषा, कम्प्यूटर, इंटरनेट फिल्म एव पत्रकारिता का भी सशक्त माध्यम भाषा बन गई है।

मातृभाषा :– मातृभाषा से तात्पर्य उस भाषा से होता है जो हमें अपनी परम्परागत भाषा के रुप में प्राप्त होती है। अर्थात्, मातृभाषा माता की भाषा। इस दृष्टि से हिन्दी हिन्दुस्तान के अधिकांश क्षेत्र में बोली व समझी जाने वाली भाषा है और इसे मातृभाषा के पद पर स्थापित किया जाता है। उपर्युक्त रुपों के अतिरिक्त हिन्दी के भाषायी प्रयोगों की दृष्टि से नित्य नवीन रुप सामने आते जा रहे हैं। इन नवीन रुपों से वृद्धि द्वारा हिन्दी की अर्थकता, गुणवत्ता, प्रयोगधर्मिता एवं व्यायकता में वृद्धि हो रही है तथा यह वृद्धि हिन्दी के बहुआयामी विकास एवं उन्नति की द्योतक है।

बोलचाल की भाषा :– हिन्दी का सबसे सरल और सामान्य रुप उसका बोलचाल की भाषा है। घरों में रेलों, बसों में सडको पर बाजार में, मेंलो में, हिन्दी का जो रुप देखने को मिलता है, वह उसका बोलचाल का रुप है । घरों में तथा प्रान्तों में यह बोली रुप से भी दिखाई देती है। हिन्दी के इस रुप को उसकी शैलियां समृद्ध करती है तथा अहिन्दी–भाषी प्रदेशों में देश की अन्य भाषाओं का योगदान रहता है बोली उस स्थानीय और उस घरेलू बातचीत को कहते हैं। जो साहित्यिक नहीं होती, केवल बोलने वाले के मुख में ही रहती है। इसका क्षेत्र सीमित होता है। इस बोली को बोलने वालों में से ही जब कभी कोई

योग्य व्यक्ति इसे अपनी कविता की भाषा बना लेता है तो उसे साहित्य में प्रवेश मिल जाता है फिर भी इसकी सीमा क्षे प्रान्त तक ही रह जाती है। इस प्रकार यह समस्त प्रान्त की बोलचाल तथा साहित्यिक रचना की भाषा होती है। अप्रान्तीय भाषा या विभाषा भी कह देते हैं। ब्रज, अवधि, भोजपुरी, मैथली आदि हिन्दी की प्रमुख बोलियाँ बोलचाल की का अच्छा उदाहरण है।

भाषा :– कई विभाषाओ मे प्रयुक्त होने वाली एक शिष्ट एवं परिगृहित विभाषा ही भाषा कहलाती है। यह भाषा प्रा भाषाओ पर अपना प्रभाव डालती है। विभाषायें अपने रुप की पूरी रक्षा करती है। विभाषाओं को अपने–अपने प्रान्त पर सिद्ध अधिकार होता है, परन्तु, कोई विभाषा किसी राजनैतिक, साहित्यिक, सामाजिक अथवा धार्मिक आन्दोलन से ही का पद प्राप्त करती है।

आजकल खड़ीबोली भाषा बनी हुई है। यह मेरठ, बिजनौर और दिल्ली के आसपास की भाषा थी पर राजनैतिक धार्मिक कारणो से इसको भाषा का पद मिला। मुसलमानों के दिल्लीश्वर होने से इसका प्रयोग बढ़ा दिल्ली के शासक– के लोग पूर्व की ओर बढते गए इसके साथ खड़ी बोली को शिष्ट समाज में बढ़ाने का अवसर मिला और फिर यह –बढते दिल्ली से लेकर कलकत्ता तक बढ़ते शिष्ट समाज के प्रयोग कि भाषा बन गई। उधर स्वामी दयानन्द ने भी इसे अपने धर्म प्रचार की भाषा बनाया।

संक्षेप मे कहा जा सकता है कि जनता द्वारा बोली और समझी जाने वाली सहज, सीधी और सरल भाषा ही जन कहलाती है। यह भाषा का नैसर्गिक रुप है, जिससे हर व्यक्ति अनायास अपने दायरे के माहौल से परीचित हो जाता है। दृष्टि से आम बोलचाल की हिन्दी को जन भाषा कहा जा सकता है। महामना मदनमोहन मालवीय जी ने कहा था कि, हि भाषा एक ऐसी सार्वजनिक भाषा है, जिसे सब भेदभाव छोड़कर प्रत्येक भारतीय ग्रहण कर सकता है।

रोजगार परक भाषा

आदेश
बी.ए. द्वि

सरकार का लक्ष्य 2022 तक 50 करोड़ लोगों को रोजगार परक शिक्षा देने का है। क्या यह लक्ष्य देश के ग्र अँचल में मौजूद जीविका के सकट के समाधान से प्रेरित है और क्या यह लक्ष्य देश की श्रमशक्ति कि वास्तविक जरू मेल खाता है ?

Around fifty cadets of the NCC along with the faculty members assembled at the college premises. Trees were planted by the students across the open area of the college premises, near the college field. The trees were also watered by the students. The students took care & interest to complete the above activity under the supervision of the NCC faculty members. Principal and teachers, present also spoke about the importance of tree plantation.

Cleaning Program at the college premises was undertaken by the NCC cadets & Faculty members at our college premises throughout the year. The student took initiatives to clean the classrooms, painted the trees. The teachers stressed the need of clean classroom where the students spend most of the times.

The basic aim of NCC in the college was to introduce cadets to a regimented way of life which helps in developing team work, leadership qualities, self-confidence, self-reliance ans dignity of labour in the cadets.

I welcome all the students of KMGGPG College Badalpur to get enrolled and explore the untouched aspects of life with Unity and discipline.

रेंजर्स

डॉ० सुशीला
प्रभारी रेंजर

राष्ट्रीय एकता और युवा पीढी में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति हेतु स्काउटिंग एवं गाइडिंग भारत में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक सशक्त माध्यम के रुप में स्थापित है। युवा वर्ग में सम्यक मूल्यों का संचार करना, उनके व्यक्तित्व के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं में निखार लाना तथा एक आदर्श लोकतंत्र आर्थिक शक्ति और प्रगतिशील समाज के निर्माण में आज स्काउट एवं गाइड महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स इकाई का संचालन वर्ष 2001 से अहिल्याबाई टीम के नाम से किया जा रहा है। इस इकाई के माध्यम से रेंजर्स को प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने एवं उनमें सेवा, सौहार्द, सहयोग, स्वावलम्बन, स्वदेश प्रेम और विश्व बन्धुत्व की भावनाओं का विकास करना के माध्यम से रेंजर्स इकाई के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों का प्रमुख उद्देश्य है।

रेंजर्स इकाई की प्रमुख गतिविधियाँ

महाविद्यालय की रेंजर्स इकाई के तत्त्वावधान में **दिनांक 30 सितम्बर 2016** को अभिविन्यास कार्यक्रम (Orientation Programme) का आयोजन किया गया जिसका प्रमुख उद्देश्य छात्राओं/रेंजर्स में यह जागरुकता उत्पन्न करना था कि किस प्रकार स्काउट गाइड के माध्यम से वह अपनी कैरियर मेकिंग कर सकती है और इसमें सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्र में क्या सभावनाएं है इत्यादि की जानकारी रेंजर्स को भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालयों के सदस्यों द्वारा प्रदान की गई।

दिनांक 15 अगस्त, 2016 को महाविद्यालय मे आजादी 70 वर्ष के उपलक्ष्य मे रेजर यूनिट द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन एव जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

दिनांक 23 नवम्बर, 2016 को भारत सरकार के द्वारा संचालित अभियान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अन्तर्गत कन्या भ्रूण हत्या एव बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर NH 91 स्थित ग्राम बादलपुर व सादोपुर मे जागरूकता रैली एव पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं ने बढ चढकर प्रतियोगिता सुनिश्चित की।

2 दिसम्बर, 2016 को रेजर्स इकाई द्वारा समसामयिक विषय "महिला सुरक्षा वर्तमान परिदृश्य" पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

3 दिसम्बर, 2016 को रेजर्स मे हस्तशिल्प कला कौशल को बढावा देने एवं इनकी इस प्रतिभा को परखने हेतु एक हस्तशिल्प कला कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत रेजर्स ने घरेलू अनुपयोगी वस्तुओं को पुन: प्रयोग मे लाकर अपनी अनूठी प्रतिभा का परिचय दिया।

6 दिसम्बर, 2016 से महाविद्यालय मे रेजर इकाई के माध्यम से पौधारोपण एवं संरक्षण अभियान भी संचालित है उक्त प्रतियोगिता मे कई किस्म के इन्डोर प्लाट तथा फलो इत्यादि के पौधे महाविद्यालय प्रांगण मे रोपित किये गए है तथा वर्तमान मे भी अभियान जारी है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की रेजर इकाई महाविद्यालय मे संचालित स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत भी महाविद्यालय मे स्वच्छता की ओर एक कदम मे भी अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रही है तथा सत्र भर अनेक जागरुकता कार्यक्रम रेजर इकाई के माध्यम से महाविद्यालय मे संचालित होते रहते हैं।

दिनांक 6 दिसम्बर, से 9 दिसम्बर 2016 तक महाविद्यालय प्रांगण मे त्रिदिवसीय रेंजर प्रशिक्षण शिविर व बी. एड. प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के रोवर्स रेजर्स समन्वय एव दिगम्बर जैन कॉलेज बडौत के प्राचार्य डॉ. विरेन्द्र सिंह जी के करकमलों द्वारा किया गया। महाविद्यालय में संचालित बी. एड पाठ्यक्रम की छात्राओ को भी स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके अन्तर्गत छात्राओ को गाँठे, बन्धन, पुल निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, गैजेट्स व तम्बू निर्माण इत्यादि सम्बन्धी प्रशिक्षण जिला सगठन आयुक्त भारत स्काउट एव गाइड श्री शिवकुमार एवं डी.ओ.सी. गाइड सुश्री शैफाली गौतम द्वारा दिया गया तथा प्रशिक्षण शिविर महाविद्यालय प्रचार्या डॉ. करूणा सिंह जी के सरक्षण मे सफलतापूर्वक सचालित हुआ।

दिनांक 31 जनवरी, से 2 फरवरी 2017 तक महाविद्यालय की रेजर अहिल्याबाई टीम ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यावती मुकुन्दलाल पी.जी. कॉलिज, गाजियाबाद में आयोजित 25वां अर्न्तमहाविद्यालयी रोवर्स रेंजर्स समागम मे प्रतिभाग कर कुल आयोजित 20 प्रतियोगिताओं मे क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर दूसरी बार भी महाविद्यालय रेजर टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया।

महिला प्रकोष्ठ

डॉ. अर्चना सिंह
महिला प्रकोष्ठ प्रभारी

स्त्री और पुरूष दोनों जीवन की गाड़ी के दो पहिये होते हैं और जीवन की गाड़ी तभी सुचारू रूप से चलती है जब दोनों पहियों के बीच समानता हो। हमारे देश में 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवता' माना जाता है किन्तु वास्तविकता में स्त्री को समाज मे दोयम दर्जे का स्थान दिया गया है। स्त्री आज भी अपने परिवार, समाज व कार्यक्षेत्र मे अपने अधिकारों को पाने व अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्षरत है। शासन द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करने व कार्यक्षेत्र मे उनके उत्पीड़न व शोषण को रोकने के उद्देश्य से प्रत्येक कार्यालय में 'महिला प्रकोष्ठ' की स्थापना की गई है। **कु० मायावती महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर** में भी सन् 2009 से महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य छात्राओं की समस्याओं का समाधान करना करना व उनको उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना है।

वर्तमान सत्र में महिला प्रकोष्ठ समिति डॉ. अर्चना सिंह (प्रभारी महिला प्रकोष्ठ), डॉ. दीप्ति वाजपेयी (सह प्रभारी), डॉ सुशीला चौधरी, डॉ. प्रतिभा तोमर, डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. रमाकांति, डॉ. विनीता सिंह (सदस्य) महिला प्रकोष्ठ के उद्देश्य की पूर्ति के लिए सदैव प्रयत्नशील हैं।

महिला प्रकोष्ठ समिति के छात्र सदस्य के लिए सभी संकायों से छात्राओं का चयन निर्वाचन के माध्यम से किया गया जो कि निम्नवत् है। 1. कु. गीता शर्मा (बी. एड.) 2. कु. संजय (एम.ए) 3. कु. निशा (बी.ए. प्रथम) 4. कु. भावना गर्ग (बी.कॉम) 5. कु. सोनम तेवतिया (बी.एस–सी.) / दिनांक 8.11.2016 को महिला प्रकोष्ठ अभिविन्यास कार्यक्रम में प्रभारी डॉ० अर्चना सिंह द्वारा महिला प्रकोष्ठ के विषय में छात्राओं को विस्तार से बताया गया कि महाविद्यालयी कोई भी समस्या जो छात्राओं की मानसिक नैतिक, शारीरिक व सामाजिक पहलू से संबंध रखती है छात्राएं समिति के संज्ञान मे लायें। डॉ० सुशीला चौधरी ने छात्राओं को महिलाओं के विभिन्न अधिकारों और कानून के अनेकानेक नियमों की जानकारी दी जो कि छात्राओं को पारिवारिक एव सामाजिक जीवन मे होने वाली प्रताड़नाओं व हिंसा से बचाव करने मे सहयोगी होगी। डॉ० विनीता सिंह ने महिला हेल्पलाईन व 1090 के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

महिला प्रकोष्ठ के तत्त्वावधान में छात्राओं में संचेतना जागृत करने हेतु समय–समय पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया 8.11.16 को डॉ० रमाकान्ती द्वारा महिला अधिकार : तथ्य एवं सत्य विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक संकाय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और निम्न छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया।

प्रथम – 1. कु. गीता शर्मा (बी.एड.)
2. कु. प्राची शर्मा (बी.एड.)

द्वितीय – कु. भावना गर्ग (बी.कॉम II)

तृतीय – कु. शिल्पी (बी.एड.)

दिनांक 5.12.2016 को 'विश्व ख्याति प्राप्त' महिलाऐं विषय पर डॉ० प्रतिभा तोमर व डॉ० नीलम शर्मा द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयी छात्रायें निम्नवत् है :–

प्रथम – कु. सोनम (बी.ए. द्वितीय)

द्वितीय – कु. पूनम नागर (बी.कॉम II)

तृतीय – कु. अंजली नागर (बी.ए. प्रथम)

25 जनवरी 2017 को मतदान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में डॉ० सुशीला चौधरी के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक द्वारा छात्राओ को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया व महिला मतदाता जागरुकता हेतु रैली निकाली गयी।

27 फरवरी 2017 को डॉ० दीप्ति वाजपेयी के निर्देशन में छात्राओं के लिए शारीरिक प्रशिक्षण के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह मे जिसमें 'महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ द्वारा व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने छात्राओं को जागरुक किया।

इस सत्र में महाविद्यालय की छात्राओं के मध्य महिला सुरक्षा हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वीमेन पॉवर लाईन 1090 (SPO) को रू. रु रूप से चलाने के निमित्त 151 पॉवर एन्जिल का चयन किया गया। पॉवर एन्जिल का चयन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि हर धर्म, सम्प्रदाय, जाति व संकाय की छात्रा इस चयन में सम्मिलित हो।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक माह महिला प्रकोष्ठ की बैठक आहूत कर छात्राओं से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर समिति द्वारा उनका निराकरण किया गया।

रोज़गार प्रकोष्ठ एवं कैरियर काउन्सलिंग सेल

श्रीमती भावना यादव
परिषद प्रभारी

महाविद्यालय में रोजगार प्रकोष्ठ एवं कैरियर काउन्सलिंग सेल के तत्वावधान में सत्र 2016–17 में निम्नांकित कार्यक्रम कराये गये :–

1. दिनांक 24–09- 6 को UNDP कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत में **"NAYI DISHA"** संस्थान द्वारा महाविद्यालय की स्नातक परस्नातक एवं बी.एड. की छात्राओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं को FMGC, Retail telecom, automobile इत्यादि क्षेत्रों में नौकरियों की संभावनाओं की जानकारी दी गई जिसमें कुल 232 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

2. दिनांक 25–10–16 को 'R.K. Institute of English Speaking and personality development' द्वारा 'Communication Skills and Personality development पर व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमे बी.ए., बी.कॉम, बी.एस.सी., एम.ए. एवं बी.एड. की छात्राओं को रोजगार हेतु 'Communication Skills' का महत्त्व बताया गया जिसमें 80 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

3. दिनांक 17–11–16 को 'नरथाम महात्मा गाँधी ट्रेनिंग सेन्टर द्वारा **'Paper Cutting Craft'** का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें कुल 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

4. दिनांक 23–11–16 को सद्भावना प्रचार मंच द्वारा **'Anti addiction, anti stress and anti Cruelty'** विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें करियर में आने वाली **stress** संबंधी समस्याओं हेतु निरस्तारण के लिए विशेष जानकारी दी गई।

5. दिनांक 20–01–17 को **'APEX Institute'** के विशेषज्ञों द्वार **N.T.T.** की भविष्य संभावनाओं, कार्यकुशलता बढाने एवं स्नातक एवं परस्नातक छात्राओं के लिए करियर की विभिन्न सम्भावनाओ एवं **Competitive exams** की तैयारी हेतु जानकारी दी गई जिसमें 92 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

पुरातन छात्र सम्मेलन

डॉ० मिन्नु
असि० प्रा० हिन्दी

शिक्षण संस्थानों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान के प्रसार के साथ–साथ उनके जीवन का सर्वांगीण विकास करना है। जीवन में सफलता के उच्च शिखर पर पहुँचने के पश्चात् छात्राओं का समय–समय पर आकर अपने प्राध्यापकों से मिलना इस बात का संकेत होता है कि महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को व्यवहारिकता भी सिखाता है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु कु० मा० रा० म० स्ना० महाविद्यालय में पुरातन छात्र/छात्रा सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इससे छात्राओं को एक ऐसा मंच प्राप्त होता है जिसमें वे अपने विचारों एवं प्रतिक्रियाओं को व्यक्त कर सकते हैं इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु दिनांक 26/11/2016 को पुरातन छात्र समागम का आयोजन किया गया। पुरातन छात्रों ने इस अवसर पर अपने अनुभव बाँटे। महाविद्यालय के विकास हेतु बहुत सी बातों पर चर्चा–परिचर्चा की गई। सत्र 2016–17 हेतु कार्यकारिणी समिति का निम्नवत् गठन किया गया।

अध्यक्ष – कु० पूजा नागर
सचिव – अन्जू
कोषाधिकारी – श्वेता
कार्यकारिणी सदस्य –

(i) कोमल नागर
(ii) अमृता विकल
(iii) वर्षा नागर
(iv) प्रीति विकल
(v) नेहा नागर
(vi) सोनिका नागर

इस अवसर पर यह भी निर्धारित किया गया कि प्रत्येक वर्ष वार्षिक समारोह के अवसर पर छात्राओं को आमन्त्रित किया जाए। साथ ही छात्राओं एवं प्राध्यापकों द्वारा रोजगार के अवसरों पर विस्तृत चर्चा–परिचर्चा की गई।

वॉल-मैगजीन आख्या

श्रीमती नेहा त्रिपाठी
डॉ० नीलम शर्मा

छात्राओं में अन्तर्निहित प्रतिभाओं के प्रकाशन एवं उनकी आन्तिरक अनुभूतियों की अभिव्यक्ति के उद्देश्य से महाविद्यालय मे वॉल मैगजीन का प्रदर्शन किया जाता है। इस वर्ष वॉल मैगजीन से सम्यक् प्रदर्शन हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया गयाँ

प्रभारी –	नेहा त्रिपाठी
सह–प्रभारी –	डॉ० नीलम शर्मा
सदस्य –	डॉ० रमाकान्ति
सदस्य –	डॉ० वन्दना शर्मा
सदस्य –	डॉ० सोनम शर्मा

वर्ष पर्यन्त वॉल मैगजीन पर समस्त संकायों की छात्राओं की उत्कृष्ट प्रविष्टियों को प्रदर्शित किया जाता है। इस वर्ष विशिष्ट रुप से प्रत्येक माह किसी विशेष विषय को मुख्य रुप से चुना गया जैसे कि स्वच्छ पर्यावरण, ऊर्जा, स्वच्छ भारत मतदाता जागरुकता, साक्षरता, नोटबन्दी, महिला सुरक्षा, जल बचाओं, बेटी बचाओ आदि। इसके अतीरिक्त विशेष पर्वो एवं अवसरों पर वॉल मैगजीन का विशेष रुप से प्रदर्शन किया गया। जैसे कि स्वतंत्रता दिवस, गाँधी जयन्ती, शिक्षक दिवस दीपावली, मानवाधिकार दिवस, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, गणतंत्र दिवस, शहीद दिवस एवं महाविद्यालय में आयोजित सह शैक्षणिक कार्यक्रम इत्यादि। इन समस्त कार्यक्रमों एवं अवसरों पर महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अधिकाधिक प्रविष्टियाँ जमा करायी। जिन्हें समय–समय पर वॉल मैगजीन पर प्रदर्शित किया गया।

ESPD CLUB

Ms. Diksha
Convenor

Today, English has become a world-wide language. Whether you are a beginner or expert in English, spoken English can lead you to next level. To run any kind of event or to appear any job interview we need better English and it can be possible with language club. ESPD Club is to be in existance for the development of personality of students and enrich their english speaking skills. The motto of the club is 'Be Prepared."

Under this club the students are encouraged to participate in various extempore competitions, group discussion, vocabulary test, English speaking games, quizes and slogan competition etc.

This year an essay writing competition was held on 20/01/2017 and the following students were rewarded during the annual function.

1. Nidhi Kumari	B.A. Ist - Ist prize
2. Nidhi Verma	B.Sc. IIIrd - IInd prize
3. Sabnam	B.Com. IInd - IIIrd prize

राष्ट्रीय सेमिनार
10-11 दिसम्बर 2016

डॉ. जीत सिंह
संयोजक, सेमिनार

दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का मुख्य विषय है – "भारत के परिप्रेक्ष्य मे महिलाओं की रचनात्मक क्रांतिकारी भूमिका।" इस विषय का विवेचन विश्लेषण करने से पूर्व यह स्मरण रखना अनिवार्य है कि भारत जब स्वाधीन हुआ तब सभी वर्गों की रचनात्मक भूमिका रही थी। भारत की नारियों ने स्वयं भी स्वाधीनता प्राप्ति का संघर्ष किया, साथ ही युवा वर्ग को प्रेरित और प्रोत्साहित किया। हिन्दी के सुविख्यात कथाकार मुंशी प्रेमचन्द ने कर्मभूमि उपन्यास में महिलाओं को स्वाधीनता प्राप्ति का प्रेरक और प्रोत्साहक माना है। सभी सामाजिक वर्गों के पुरुषों को और उस समय के छात्र–छात्राओं को महिलाओं ने स्वाधीनता के संघर्ष में सक्रिय भाग लेने को प्रोत्साहित किया।

स्वाधीनता प्राप्ति के पश्चात् महिलाओं ने समाज के सभी कार्य क्षेत्रों में अग्रिणी भूमिका का निर्वाह किया। न्याय व्यवस्था, शासन–प्रशासन, सुरक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, खेलकूद, व्यापार आदि सभी कार्य क्षेत्रों में महिलाओं की निस्वार्थ, साहसिक एवं क्रांतिकारी भूमिका रही है। नारियों ने सभी वर्गों के पुरुषों को नई दिशा, नई चेतना, नई गति और नई ऊर्जा प्रदान ही नहीं की है अपितु वर्तमान भारतीय समाज को रचनात्मक प्रगतिशील जीवन मूल्यों से भी जोड़ा है। सच्चे अर्थों में महिलाएँ देश भक्त, समाजसेवी, प्रकृति प्रेमी और मानव प्रेमी रही हैं। ये समस्त मानवीय गुण भारतीय समाज को स्वस्थ वैज्ञानिक प्रगतिशील जीवन मूल्यों से जोड़ते हैं।

महिलाएं अनुगामिनी, सहगामिनी और अग्रगामिनी की अनवरत और कालजयी रचनात्मक विकास तथा सकारात्मक प्रक्रिया से अपना नाम विश्वस्तर पर जोड़ती रही हैं और जोड़ती रहेंगी। यही विश्व का महाशक्ति रुप परिलक्षित हो रहा ह।

निश्चित रुप से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार नारी केन्द्रित होने के कारण आज और कल के अकादमी परिवेश को मानवीय मूल्यों से जोड़ेंगी। इस प्रकार यह सेमिनार सभी विद्वानों शोधार्थियों एवं छात्र–छात्राओं को अपने–अपने विषयों की नवीनता और मौलिकता प्रदान करेंगी।

कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर में आई.सी.एस.आर. नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय सफलतापूर्वक सेमिनार का आयोजन कालजयी विचारों से विद्वतवर्ग, शोधार्थियों एवं छात्राओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से किया गया था। महिलाओ के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं प्रेरक विचार हमारे जीवन दर्शन एवं हमारी मानसिकता की सकारात्मक ऊर्जा प्रदान कर समाज को एक नवीन दिशा प्रदान करेंगे।

सेमिनार का उद्घाटन माननीय मुख्य अतिथि डॉ० आर.पी.सिंह, निदेशक उच्च शिक्षा, इलाहाबाद उ.प्र. द्वारा विद्या की अधिष्ठानी देवी माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। आपने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आज महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में अपना नाम भारतवर्ष में ही नहीं बल्कि विश्व पटल पर अंकित कर रही हैं। विकास की इस प्रक्रिया से नारी शक्ति विश्व की महाशक्ति के रुप में परिलक्षित हो रही है।

सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ० रमेश ऋषिकल्प ने कहा कि ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत के गुलाम होने में महिलाओं की रचनात्मक भूमिका को प्रोत्साहन न करना था, इस कारण को महात्मा गांधी ने समझा और समाज के सभी वर्गों के साथ महिलाओं को भी रचनात्मक भूमिका में खड़ा किया। संवेदना से परिपूरित समाज के लिए नारी और पुरूष की सहभागिता एवं समानता आवश्यक है।

उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. करूणा सिंह जी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि किसी भी सेमिनार का सबसे दुरूह कार्य व्यापक विचार मन्थन को समय बद्ध एवं स्तरीय बद्ध करना है जिससे सेमिनार का मुख्य विषय पर अपेक्षित अमृत्य तुल्य तथ्य एवं गुणवत्ता उभरकर सबके सम्मुख आ जाये। इस दृष्टि से सेमिनार अपने उद्देश्य पूर्ति में

ऐतिहासिक रचनाओं की।

विशेषज्ञ सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. शशी वशिष्ट, प्राचार्या, एस.एस.वी. (पी.जी.) कॉलिज, हापुड़ ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारी को किसी भी रूप में कमतर आंकना समाज की बहुत बड़ी भूल रही है। वर्तमान में महिलाओं ने चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में सफलता प्राप्त की है।

डॉ. पी.एन. अरोरा, संयुक्त रजिस्ट्रार तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद ने कहा कि नारी दृढ़ संकल्प से महाशक्ति है जब-जब नारी अपने अस्तित्व के लिए खड़ी हुई है तब-तब उसने अपना मुकाम हासिल किया है।

डॉ. नवीन चन्द्र लोहनी हिन्दी विभागाध्यक्ष, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ ने आह्वान किया कि नारी सदैव महान रही है और रहेगी। महिलाएँ ही पुरुष के प्रेरणात्मक एवं शक्ति है। यही पुरुष को नई दिशा, नई शक्ति एवं नई ऊर्जा देती रही है।

डॉ. विपलव, प्राचार्या, चन्द्रकान्ता पीर विद्यावती महाविद्यालय, बुलन्दशहर जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारी मानवीय मूल्यों को जोड़ती हुई समाज को एक नई दिशा देने में सक्षम हुई है। नारियों ने हर दिशा में अपना नाम रोशन किया है।

तकनीकी सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. रजनी तिलक ने कहा कि महिलाएँ अनुगामिनी, सहगामिनी और अग्रगामिनी बनकर विकास यात्रा को पूर्ण करती हुई समाज के प्रत्येक वर्ग की प्रेरणा स्रोत परिलक्षित होती है। नारी का भविष्य उज्ज्वल प्रतीत होता है।

इसी सत्र की विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रज्ञा पाठक, एन.ए.एस. कॉलिज मेरठ ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की नारी अबला नहीं सबला है। नारी बाह्य रूप से जरूर कोमल दिखायी देती है लेकिन आन्तरिक रूप से गम्भीर एवं दृढ़ संकल्पी है।

डॉ. सुषमापाल सहवक्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारी की स्वाधीनता देश की स्वाधीनता से भी अधिक जरूरी है। नारी ही सम्पूर्ण समाज को दिशा देती है तभी समाज मजबूत और दृढ़ संकल्पी बनता है।

सेमिनार के द्वितीय दिवस के विशेषज्ञ सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. उर्मिला शर्मा, जयपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं ने पृथ्वी से लेकर गगनारोहण तक महत्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत की है तथा समाज को जोड़ने का काम किया है। डॉ. अशोक मैत्रेय सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं बौद्धिक मंच हापुड़ के अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में अद्वितीय विकास किया है। चाहे कितनी भी जोखिम भरा क्यों न हो। कल्पना चावला, सुनीता सिंह जैसे नाम हमारे समक्ष हैं।

डॉ. के.के. शर्मा एम.एम.एच. पी.जी. कॉलिज गा.बाद, ने अपने विचारों में कहा कि नारियों ने स्वाधीनता प्राप्ति के हर प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका निभाई है।

डॉ. तिलक सिंह भाषा वैज्ञानिक जी ने कहा मन्नू भंडारी, ममता कालिया, स्मिता, शिवानी, मृदुल सिन्हा, उषा प्रियंवदा, चित्रा मुद्गल, कृष्णा शोभती, अमृता प्रीतम तथा नासिरा शर्मा आदि ने साहित्य के माध्यम से इस संघर्ष को आगे बढ़ाया है। रचनाओं के माध्यम से समाज की विभिन्न कुरीतियों तथा नारी अस्मिता की पहचान से आम नारी को अवगत कराया।

डॉ. विजयदत्त शर्मा निदेशक हरियाणा ग्रन्थ अकादमी हरियाणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वाधीन भारत का इतिहास जब भी रचनात्मक भूमिका में प्रस्तुत किया, उसमें नारियों की अहम् भूमिका परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि हिन्दी की महिला साहित्यकारों ने देश को जोड़ा तथा समृद्ध किया है।

डॉ. अर्पणा शर्मा एम.ए.टी. ने कहा कि महिलाओं की ईमानदारी और त्याग की भावना पर संदेह नहीं किया जा

सकता। इस क्रम में दयानन्द गर्ल्स कॉलिज मेरठ की पूर्व प्राचार्या डॉ. सरोज शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय के कुछ कर्मचारी देहरादून से आई हुई सभी उपस्थित के बारे में सहयोगात्मक रवैया रखते हैं लेकिन वर्तमान में एकाकीपन के दौर में भी महिलाएँ ने रचनात्मक कार्य कर विश्व को आश्चर्यचकित किया है।

समाज समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. वी.के. सिंह, सांसद गाजियाबाद ने कहा कि महिलाएँ घर से लेकर देश की सभी क्षेत्रों में अपना कार्य ईमानदारी से पूर्ण करती हैं। महिलाओं का समृद्ध इतिहास रहा है। महिलाओं ने मुगल दिनों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे कहीं अधिक आज के महिलाओं का योगदान परिलक्षित होता है।

इस द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के इस कार्यवाही ग्रंथ के प्रकाशन के निर्णायक संगोष्ठी के कार्यक्रमों का क्रमबद्ध रूप से संकलित करने के साथ-साथ प्रकाशित शोध लेखों के माध्यम से व्यक्ति सामाजिक में मुक्त सांस्कृतिक समाज का निर्माण करने की दिशा में सहायक सिद्ध होता है।

महाविद्यालय परिवार एवं आयोजन समिति आई.सी.एस.एस.आर. नई दिल्ली का महाविद्यालय के राष्ट्रीय संगोष्ठी करने हेतु हृदय से आभार व्यक्त करती है। हम डॉ. आर.पी. सिंह निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं जिनकी प्रेरणा एवं मार्गदर्शन के बिना सफल सेमिनार सम्भव नहीं थी। हम आभारी हैं डॉ. पी.एन. अरोड़ा डॉ. दिनेश दत्त शर्मा एवं डॉ. वी.के. शेखर जी के प्रति जिन्होंने अतिथि स्वीकार कर सेमिनार को गरिमामय बनाया।

इस कृतज्ञ है महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. करुणा सिंह जी के प्रति, जिनके अमूल्य मार्गदर्शन उत्साहवर्धन एवं रचनात्मक दिशाओं से सफल आयोजन सहज रूप से सम्भव हो सका।

हम विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता करने वाले मुख्य वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हैं। जिन्होंने हमारे आमन्त्रण को सहज रूप से स्वीकार कर अपने सारगर्भित वक्तव्यों से सेमिनार को सार्थक बनाया। देश के विभिन्न भागों से पधारे हुए प्रतिभागी शोधार्थी तथा छात्राएँ भी साधुवाद के पात्र हैं, जिन्होंने अपनी उपस्थिति एवं सक्रिय मार्गदर्शन से सेमिनार को सम्पूर्ण अवधि को जीवंत बनाये रखा।

मैं स्वयं भी व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय के समस्त सदस्यों, कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिन्होंने प्रत्येक कार्य में यथासम्भव अपना सहयोग प्रदान कर संगोष्ठी को सफल बनाने में अहम् एवं सशक्त भूमिका प्रदान की।

राष्ट्रीय कार्यशाला

डॉ. बलराम सिंह
संयोजक, राष्ट्रीय कार्यशाला

कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर मे दिनांक 22.2.2017 को Use of ICT and e-Education tools: Techniques in Higher Education and Research विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। प्राचार्या प्रो० (डॉ०) करुणा सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के प्रतिभागियों का आह्वान किया वे इस कार्यशाला का लाभ उठाते हुए उच्च शिक्षा के स्तरोन्नयन मे सहभागी बने।

इस अवसर पर कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ० अरुण मोहन शैरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष HCL, चैन्नई ने अपने वक्तव्य मे कहा कि e-Education , e-Library तथा Digital Library आज सम्पूर्ण विश्व की आवश्यकता है, इसके बिना मानव जीवन अधूरा है। नई तकनीकि से सम्पूर्ण देश को एक नई गति एवं नई ऊर्जा प्राप्त हुई है । आज का शिक्षार्थी नई तकनीकी के माध्यम से अपने को विश्व मंच पर पाता है। इससे समय और धन की बचत की जा सकती है । विशिष्ट अतिथि प्रो के निवासन प्रोफेसर ICT, NUEPA, नई दिल्ली ने कहा कि शिक्षक एवं तकनीकि एक दूसरे के पूरक है, सहायक है। नई तकनीकि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों दोनों को सशक्त बनाती है। उन्होने कहा अध्यापक जीवन भर अध्येता बना रहना चाहिए तथा छात्रों के भी सार्थक विचार स्वीकार करने चाहिए। इस अवसर पर डॉ० विप्लव, प्राचार्य चन्द्रकान्ता महाविद्यालय, बुलन्दशहर ने कहा कि तकनीकि संस्कृति सापेक्ष होनी चाहिए। यथासम्भव देश काल परिस्थिति को ध्यान मे रखकर आवश्यक परिवर्तन एवं परिवर्धन करना चाहिए। डॉ० दिनेश चन्द्र शर्मा, कार्यक्रम निदेशक ने सात दिवसीय कार्यशाला मे चलने वाली कार्ययोजना से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० रश्मि कुमारी ने किया। कार्यशाला के संयोजक बलराम सिंह ने सभी उपस्थित अतिथियों, प्रतिभागियों एवं छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापन किया ।

कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों को उच्च शिक्षा मे कक्षाओं को अन्तर क्रियात्मक एवं रोचक बनाने तथा समय की बचत के लिए नई तकनीकी का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ० राजीव खन्ना ने Easy Test तथा उन सॉफ्टवेयर एवं डिवाइस का प्रयोग करके दिखा या जिनके माध्यम से छात्रों से दृष्टिकोण की जानकारी प्राप्त कर उनसे फीडबैक प्राप्त कर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों मे संवाद बढ़ाया जा सकता है एवं सीखने की प्रक्रिया को सरल बनाया जा सकता है। रूसा (RUSA) के डिप्टी डायरेक्टर डॉ० आलोक श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों से राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान मे तकनीकी के माध्यम से भागीदार बनने की अपील की द्वितीय दिवस के विभिन्न सत्रों का का संचालन डॉ० अनीता रानी राठौर द्वारा किया गया।

कार्यशाला के तृतीय दिवस पर मुख्य वक्ता श्री गौरव पाण्डेय ने Use of ICT in Digital Teaching and concept assessment in Education विषय पर जानकारी दी। उन्होने बताया आई.सी.टी. के विभिन्न उपकरणों जैसे – गूगल, गूगल डाईव, फेसबुक, वीडियो कन्फ्रेंस, लिकाडिन, स्काईप आदि के किस प्रकार अपने अध्ययन – अध्यापन मे प्रयोग करके शिक्षण कार्य को व्यापक एवं रोचक बना सकते है । इसके अलावा उन्होने वेबसाईट Security के बारे मे प्रकाश डाला उदाहरणतः URL Locked Sign, Password Creation etc.

आज के दिन के दूसरे सत्र के मुख्य वक्ता डॉ० प्रदीप तोमर असि० प्रोफेसर, ICT गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय नोएडा थे जिन्होने

use of latest uleb based ICT tools and technique in education and research" विषय पर जानकारी दी उन्होने के विभिन्न उपकरणों की कार्यक्षमता, लाभ तथा हानि के बारे मे प्रतिभागियों को बताया । तीसरे दिन कार्यशाला का संचालन डॉ० नेहा त्रिपाठी द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय कार्यशाला के चतुर्थ दिन के मुख्यवक्ता डॉ० अभिषेक टण्डन , असि० प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय ने SPSS (Statistical Package for Social Science) साफ्टवेयर के विषय पर जानकारी दी। उन्होने बताया कि SPSS का विश्लेषण के कुछ भी नही है। उन्होने विभिन्न सांख्यिकी टेस्ट जैसे t-Test F-Test and ANOVA की जानकारी दी। उन्होने SPSS को एक्सेल सीट से बेहतर बताया और सभी प्रतिभागियों को सैम्पल साइज की विधि बताई। डॉ० दिनेश चन्द्र शर्मा, प्रोग्राम कोर्डिनेटर ने e-module सम्बंधी जानकारी दी। द्वितीय सत्र मे सभी प्रतिभागियों ने Computer Lab तथा स्मार्ट रूम मे प्रदत्त प्रोजेक्ट कार्य को पूरा किया। चतुर्थ दिन की कार्यशाला का संचालन संयोजक डॉ० बलराम सिंह द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय कार्यशाला के पांचवे दिन के मुख्य वक्ता श्री टी.के. नन्दी मुख्य कार्यकारी अधिकारी , एडन सिस्टम एण्ड सोल्यूशन प्रा लिमिटेड नई दिल्ली ने स्मार्ट बोर्ड का प्रयोग प्रतिभागियों को सिखाया स्मार्ट बोर्ड के द्वारा चित्रों का रेखांकन, संस्कृतियों का निर्माण आदि कार्यों की जानकारी दी। स्मार्ट क्लास के लिए स्मार्ट बोर्ड की अति आवश्यकता होती है। सभी प्रतिभागियों ने स्मार्ट बोर्ड के द्वारा शिक्षण कार्य करने का सफल अभ्यास किया। पाँचवे दिन के द्वितीय सत्र मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन MP हाल मे किया गया। पाँचवे दिन की कार्यशाला का सफल संचालन कार्यशाला सचिव डॉ. दीप्ति राजपेयी द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय कार्यशाला के छठे दिन के मुख्य वक्ता प्रो. अनिल कुमार गौतम अधिष्ठाता आई.सी.टी. गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय रहे, उन्हे LATEX सॉफ्टवेयर के बारे मे जानकारी दी। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से शोधपत्र किस प्रकार लिखा जा सकता है डॉ. गौतम ने LATEX सॉफ्टवेयर के उन विशिष्ट उपयोग से प्रतिभागियों को अवगत कराया जिनके माध्यम से शोधार्थी, शिक्षक ,शोधपत्र, पुस्तक आलेख हेतु माइक्रोसॉफ्ट वर्ड से LATEX बेहतर सॉफ्टवेयर है। इसके पश्चात द्वितीय सत्र मे प्रतिभागियों ने अपने समूह के अनुसार आयोजक द्वारा प्रदत्त प्रोजेक्ट कार्य की प्रस्तुतीकरण दी। छठे दिन की कार्यशाला का संचालन डॉ. अर्चना सिंह द्वारा किया गया। सायंकाल मे प्रतिभागियों के लिए कैंप फायर का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के अंतिम दिन मे सभी बाहर से पधारे प्रतिभागियों ने अपने-अपने अनुभव बाँटे। कार्यशाला के समापन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश डॉ. एन.बी. खान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे डॉ. आर. पी.एस. यादव अपर सचिव उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश मंचासीन रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. करूणा सिंह ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों एवं अतिथियों का अपने उद्बोधन के माध्यम से स्वागत किया। डॉ. खान ने अपने संबोधन मे ग्रामीण क्षेत्रों मे शिक्षा मे सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की आवश्यकता बताई तथा अधिकाधिक संख्या मे कार्यशाला एवं सेमिनार जैसे आयोजनों मे छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। डॉ. आर. पी. एस. यादव ने कहा कि संगठित एवं अनुशासित होकर तथा प्रबल इच्छा से किसी भी लक्ष्य तक पहुँचा जा सै। समापन सत्र का संचालन डॉ. किशोर कुमार ने किया। कार्यशाला निदेशक डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा ने सात दिवसीय कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंत मे कार्यशाला के समन्वयक बलराम सिंह द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

शैक्षिक भ्रमण

डॉ० रतन सिंह
असो० प्रो० - (बी०एड०)

कु० मायावती राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर के बी०एड० विभाग की छात्राओं का जत्था शैक्षिक भ्रमण हेतु प्राचार्या डॉ० करुणा सिंह के निर्देशानुसार दिनांक 05.05.2017 को सुबह 6.00 बजे महाविद्यालय से देहरादून व मसूरी (उत्तराखण्ड) के लिए रवाना हुआ। लगभग 7 घण्टे के सफर के पश्चात दोपहर 1.00 बजे मसूरी से 6 किमी० पहले मसूरी यूथ हॉस्टल पहुँचकर सभी ने कुछ देर आराम किया तत्पश्चात् दोपहर 3 बजे मसूरी के लिए रवाना हुए। बादलपुर (गौतमबुद्ध नगर) से लगभग 260 किमी० तथा देहरादून से 35 किमी० की दूरी पर स्थित पर्वतों की रानी मसूरी उन स्थानों में से एक है जहाँ लोग बार-बार आना चाहते है। मसूरी समुद्र तल से लगभग 6600 फुट की ऊँचाई पर स्थित है। जिसमें हरित-पर्वत विभिन्न पादप-प्राणियों सहित बसते हैं। वास्तव में मसूरी की खूबसूरती मन को मोह लेती है। कुछ छात्राओं के लिए अपने ग्रामीण परिवेश से इतर पर्वतीय स्थानों का भ्रमण करना प्रथम अनुभव था। निःसन्देह देहरादून से मसूरी तक का सफर उनके लिए बेहद रोमांचित करने वाला तथा अनूठा था। सर्वप्रथम मसूरी लाइब्रेरी पहुँचकर हम लोग कम्पनी बाग के लिए रवाना हुए। मसूरी लाइब्रेरी से कम्पनी बाग लगभग 4 किमी की दूरी पर है। आज सम्पूर्ण विश्व के वैज्ञानिक ईको फ्रेंडली एवं प्रदूषण मुक्त उपायों पर अधिक बल दे रहे हैं। कम्पनी विभाग में विभिन्न प्रकार के पादप व पुष्प इको फ्रैंडली ग्रीन हाउस के रूप में बेहद खूबसूरती समेटे हुए है। जहाँ एक ओर देवदार व चिनार के वृक्ष कम्पनी बाग को घेरे हैं वही दूसरी ओर ऊँची मनोरम पर्वतमालाएँ मन को मोह लेती है। कम्पनी बाग प्राकृतिक सम्पदा अध्ययन हेतु छात्राओं के लिए उत्तम स्थान है। यहाँ पर बी० एड० विज्ञान / ईको क्लब प्रभारी डॉ० रतन सिंह व श्रीमती रमाकान्ति ने छात्राओं के साथ पर्यावरण संरक्षण व पादप विविधता पर आवश्यक चर्चा-परिचर्चा की। कम्पनी बाग के प्राकृतिक व मनोहरी नजारों को मन में संजोए वापिस लाईब्रेरी पहुँचकर सभी लोग माल रोड़ पर घूमने के लिए निकले, हल्का अंधेरा होने लगा था। माल रोड़ से दून घाटी का नजारा आश्चर्यचकित करने वाला था। माल रोड़ से दून घाटी ऐसे लग रही थी मानो थाल में किसी ने हजारों दीप प्रज्ज्वलित कर दिए हो। तत्पश्चात् वापिस मसूरी यूथ हॉस्टल पहुँचकर रात्रि विश्राम किया। शैक्षिक भ्रमण के दूसरे दिन सभी लोग प्रातः 5.30 पर ही उठ गए ताकि पर्वतों की सुबह का आनन्द ले सकें, सुबह की ठण्डी हवाओं के साथ यूथ हॉस्टल के आस-पास का नजारा तन व मन को प्रफुल्लित करने वाला था और इस सुहावनी सुबह की बेला में डॉ० अरविन्द कुमार द्वारा कराया गया योगाभ्यास ताजगी से सराबोर करने वाला था। सुबह का नाश्ता यूथ हॉस्टल में करने के पश्चात हम देहरादून के लिए निकल पड़े, घुमावदार पर्वतीय सड़कों, सीढ़ानुमा खेतों को पीछे छोड़ते हुए देहरादून से लगभग 10 किमी पहले मसूरी मार्ग पर ही मालसी डियर पार्क पहुँचे। मालसी डियर पार्क वास्तव में एक चिड़िया घर है। वर्तमान में इसे देहरादून चिड़ियाघर के नाम से जाना जाता है। यहाँ पर हमने तेंदुआ, हिरन, नीलगाय व विभिन्न प्रकार के पक्षी-मोर, सफेद मोर, शुतुरमुर्ग, लव बर्ड आदि देखे। यहाँ पर डॉ० माणिक रस्तोगी व मौ० वकार रजा ने छात्राओं को जैव संरक्षण व जैव विविधता पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। हमारा अगला पड़ाव राष्ट्रीय दृष्टिबाधित संस्थान देहरादून था। एन.आई.वी.एच. सन् 1982 में एक सोसाइटी के रूप में सोसाइटी एक्ट 1860 के अन्तर्गत रजिस्टर्ड कराया गया था जो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्य करता है। एन.आई.वी.एच. दृष्टिबाधित छात्र / छात्राओं हेतु उच्च कोटि का शिक्षण / प्रशिक्षण संस्थान है। एन.आई.वी.एच. के डॉ० बलराम सिंह के निर्देशन में छात्राओं ने नेशनल बोलता पुस्तकालय, ब्रेल लिपी पुस्तकालय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। संस्थान में स्थित विशिष्ट शिक्षा एवं विकलांगता अध्ययन विभाग में बी.एड. पाठ्यक्रम भी संचालित है। एन.आई.वी.एच. में दृष्टिबाधित छात्र / छात्राओं को जीवन जीने की कला से लेकर उनके व्यवसायिक उन्नयन तक की शिक्षा दी जाती है। दृष्टिबाधित संस्थान में जाकर हमें अभ्यास हुआ की जीवन संघर्ष एवं मुश्किलों से मनुष्य अपनी हार को भी

जीत में बदल सकता है। निश्चित ही राष्ट्रीय दृष्टिबाधित संस्थान का भ्रमण एक अनूठा अनुभव रहा।

शैक्षिक भ्रमण से वास्तविक तथ्यों का सच्चा ज्ञान होता है तथा शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों, संस्थानों का सूक्ष्म निरीक्षण कर वास्तविकता से अवगत होना होता है। छात्राओं में सहयोग, सहानुभूति एवं अनुशासन, सहकारिता, सद्भावना, सहनशीलता, प्रेम, अवलोकन, निरीक्षण, कल्पनाशीलता, अन्वेषण, सौन्दर्यानुभूति तथा दूरदर्शिता जैसे गुण उनमें विकसित हो सकेंगे तथा उन गुणों को अपने व्यवहार में समाहित कर ये भावी शिक्षक, अपने छात्र / छात्राओं के लगातार करेंगे, इसी आशा के साथ आगे भी इस प्रकार के सुनिश्चित शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया जाता रहेगा।

सुख सागर

जिस धागे की, गांठे खुल सकती है
उस धागे पर कैंची नही चलानी चाहिए
किसी की कोई बात बुरी लगे तो,
और तरह से सोचे,
यदि व्यक्ति महत्वपूर्ण है,
तो भूल जाए और,
बात महत्वपूर्ण है तो,
व्यक्ति को भूल जाएं!

महाविद्यालय परिवार

कला संकाय

प्राचार्य - डॉ० करुणा सिंह

हिन्दी विभाग

1. डॉ० रश्मि कुमारी — एसो० प्रो०
2. डॉ० अर्चना सिंह — एसो० प्रो०
3. डॉ० जीत सिंह — असि० प्रो०
4. डॉ० मिन्तु — असि० प्रो०

अंग्रेजी विभाग

1. डॉ० अनीता रानी राठौर — एसो० प्रो०
2. श्रीमती दीक्षा — असि० प्रो०

संस्कृत विभाग

1. डॉ० एस०एस० यादव — एसो० प्रो०
1. डॉ० दीप्ति वाजपेयी — एसो० प्रो०
2. डॉ० नीलम शर्मा — असि० प्रो०
3. श्रीमती कनकलता यादव — असि० प्रो०

समाजशास्त्र विभाग

2. डॉ० सुशीला — असि० प्रो०
3. डॉ० हरेन्द्र कुमार — असि० प्रो०
4. डॉ० विनीता सिंह — असि० प्रो०

इतिहास विभाग

1. डॉ० आशा रानी — एसो० प्रो०
2. डॉ० निधि रायजादा — एसो० प्रो०
3. डॉ० किशोर कुमार — एसो० प्रो०
4. डॉ० अनीता सिंह — एसो० प्रो०
5. श्री अरविन्द सिंह — असि० प्रो०

गृहविज्ञान विभाग

1. डॉ० शिवानी वर्मा — असि० प्रो०
2. श्रीमती शिल्पी — असि० प्रो०

राजनीति शास्त्र विभाग

1. डॉ० आभा सिंह — एसो० प्रो०
1. डॉ० ममता उपाध्याय — एसो० प्रो०
2. डॉ० पंकज चौधरी — असि० प्रो०
3. डॉ० सीमा देवी — असि० प्रो०

भूगोल विभाग

1. डॉ० मीनाक्षी लोहनी — असि० प्रो०
2. श्री कनक कुमार — असि० प्रो०
3. श्रीमती निशा यादव — असि० प्रो०

अर्थशास्त्र विभाग

1. श्रीमती भावना यादव — असि० प्रो०
2. श्रीमती पवन कुमारी — असि० प्रो०
3. डॉ० वन्दना शर्मा — असि० प्रो०

संगीत विभाग

1. डॉ० बबली अरुण — असि० प्रो०

शिक्षा विभाग

1. डॉ० सोनम शर्मा — असि० प्रो०

शारीरिक शिक्षा विभाग

1. डॉ० सत्यन्त कुमार — असि० प्रो०
2. श्री धीरज कुमार — असि० प्रो०

विज्ञान संकाय

जन्तु विज्ञान विभाग

1. डॉ० दिनेश चन्द्र शर्मा — एसो० प्रो०

रसायन विज्ञान विभाग

1. श्रीमती नेहा त्रिपाठी — असि० प्रो०

वनस्पति विज्ञान विभाग

1. डॉ० प्रतिभा तोमर — असि० प्रो०

भौतिक विज्ञान विभाग

1. डॉ० ऋचा — असि० प्रो०

गणित विभाग

1. पद रिक्त

वाणिज्य संकाय

1. डॉ० अरविन्द कुमार यादव — असि० प्रो०

शिक्षा संकाय

1. श्री बलराम सिंह — असि० प्रो०
2. डॉ० अरविन्द कुमार — असि० प्रो०
3. श्री माणिक रस्तोगी — असि० प्रो०
4. डॉ० रतन सिंह — असि० प्रो०
5. डॉ० वकार रजा — असि० प्रो०
6. श्रीमती रमाकान्ति — असि० प्रो०

शिक्षणेतर कर्मचारी

पुस्तकालयाध्यक्ष	पद रिक्त
कार्यालय अधीक्षक	पद रिक्त
वरिष्ठ लिपिक	1 श्री महेश सिंह भाटी
कनिष्ठ लिपिक	3 पद रिक्त
अर्दली	1 पद रिक्त
स्वीपर	1 पद रिक्त
कार्यालय परिचर	1 श्री चन्द्र प्रकाश
	2 पद रिक्त
प्रयोगशाला सहायक	4 पद रिक्त
प्रयोगशाला परिचर	भूगोल विभाग श्री मुकेश शर्मा
	6 पद रिक्त

अनुशासन मण्डल

प्रथम पंक्ति में बांए से दांए

डॉ० एल.एस. लाल, डॉ० रहिम, डॉ० अर्चना सिंह, डॉ० करुणा सिंह (प्राचार्य), डॉ० अनीता रानी राठौर (मुख्य शासन), डॉ० दिनेश चन्द्र शर्मा, डॉ० आशा रा

द्वितीय पंक्ति में बांए से दांए

डॉ० अरविन्द कुमार लाल, डॉ० किशोर कुमार, श्री बलराम सिंह, डॉ० मीनाक्षी लोहनी, श्रीमती नेहा त्रिपाठी, डॉ० दीप्ति वाजपेयी

सम्पादक मण्डल

प्रथम पंक्ति में बांए से दांए

डॉ० रतन सिंह, डॉ० निधि रायजादा, डॉ० अर्चना सिंह, डॉ० करुणा सिंह (प्राचार्य), डॉ० दीप्ति वाजपेयी (प्रधान सम्पादिका), श्रीमती नेहा त्रिपाठी, डॉ० मीनाक्षी

द्वितीय पंक्ति में बांए से दांए

श्रीमती दीक्षा, डॉ० मिन्तु, डॉ० नीलम शर्मा, डॉ० अरविन्द कुमार लाल

रैंजर्स/एन.सी.सी./एन.एस.एस. समिति

प्रथम पंक्ति में बांए से दांए

डॉ० सुशीला, श्रीमती शिल्पी, डॉ० अर्चना सिंह, डॉ० करुणा सिंह (प्राचार्य), डॉ० दीप्ति वाजपेयी, श्रीमती नेहा त्रिपाठी, डॉ० मीनाक्षी

द्वितीय पंक्ति में बांए से दांए

श्री बलराम सिंह, श्रीमती रमाकान्ति, श्रीमती मानला लाल, डॉ० विनीता सिंह, डॉ० मिन्तु, डॉ० नीलम शर्मा, श्रीमती दीक्षा, डॉ० सी

महर्षि परशुराम जयंती पर कालेज में कार्यक्रम आयोजित

गौतमबुद्धनगर। कु0 मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर में महर्षि परशुराम जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महर्षि परशुराम को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ करुणा सिंह द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। डॉ रश्मि कुमारी ने महर्षि परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय में समस्त प्राध्यापकों के साथ छात्राएँ भी उपस्थित रहीं। डॉ निधि रायजादा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

माया‌वती कॉलेज में स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर

दादरी (ब्यूरो)। कुमारी मायावत राजकीय स्नातक महाविद्यालय बुधवार को स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किय गया। शिविर का उद्घाटन डिंडल जैन कॉलेज के प्राचा सिंह ने किया। इस महाविद्यालय की प्राचा सिंह ने कहा कि स्का अनुशासन की सीख अनुशासन ही जीवन रत्न होता है। इस सुशीला, डॉ. स महाविद्यालय का स्टाप

जागरूकता कार्यक्रम

ए. एस. दादरी : कुमारी मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर कॉलेज की छात्राओं ने शुक्रवार को बदलपुर गांव में घर-घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। छात्राओं को गांव में 6 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा कैंप चल रहा है।

खेल समारोह का समापन

दादरी। कु. मायावती राजकीय महिला विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर में दादरी खजौलीखास जीत लिया। शिविर में उपस्थित सेवक विभिन्नों छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. दीपि कार्यक्रम सौंपा रही।

जरूर न्यूज ब्यूरो

छात्राओं ने दी ग्रामीणों को मतदान का प्र

दादरी। कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय कादलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाल कर ग्रामीणों को विधानसभा चुनाव 2017 में 100 प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवायोजना का विशेष शिविर 2 फरवरी से फरवरी तक अधिगृहीत ग्राम बादलपुर में आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को शिविर के दूसरे दिन

ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन

जम न्यूज संवाददाता

दादरी। बादलपुर स्थित कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के 2 से 8 फरवरी तक ग्राम बादलपुर में संचालित हो रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। शिविर के सात दिनों में छात्राओं ने अधिगृहित ग्राम बादलपुर में स्वच्छता, श्रमदान, भूमि

निकाली एवं मतदाता जागरूकता सम्बन्धी नुक्कड़ नाटक भी किया। ग्रचित नुक्कड़ नाटक

समापन अवसर महाविद्यालय की प्राचार्या ड करुणा सिंह ने छात्राओं व परस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ शिविरा

छात्राओं ने की मतदान करने की अ